# GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-07-2021

# तहसील व थाने के मामले मुख्यालय आने पर कार्रवाई करें : सीएम

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लगभग 560 फरियादियों की फरियाद सुनी। जनता दर्शन में अधिकतर मामले तहसील स्तर पर राजस्व व थाने से संबंधित थे। मुख्यमंत्री ने शिकायतों के तहसील स्तर पर निपटाने में लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों के मुख्यालय के आने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

**जनता दर्शन कार्यक्रम में 560 फरियादियों की सुनी फरियाद**

मुख्यमंत्री ने राजस्व संबंधी शिकायतों को कमिश्नर रवि कुमार एनजी को सौंपते हुए इसका तुरंत निस्तारण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर के राजस्व मामले वहीं निपटाये जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों पर एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु से कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि थाने स्तर पर शिकायतों का निस्तारण नहीं होने पर संबंधित थानेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन कार्यक्रम में डीएम के विजयेन्द्र पांडियन, एसडीएम सदर कुलदीप मीणा, तहसीलदार सदर डा. संजीव दीक्षित, डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर समेत कई प्रशासनिक अफसर मौजूद थे।



गोरखनाथ मंदिर सभागार में जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फोटो : एसएनबी

## दहेज हत्या का एक आरोपित गिरफ्तार

**झंगहा (एसएनबी)।** स्थानीय पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को सोमवार की दोपहर गहिरा मोड़ से गिरफ्तार किया। उसने पुलिस को अपना नाम राम अवतार पुत्र स्व. लच्छू ग्राम जंगलरसुलपुर नं0 02 टोला सौलाभारी थाना झंगहा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस ने आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 498 ए,302 व डीपी एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा के अतिरिक्त रिक्रूट कांस्टेबल चंद्र प्रकाश और महेंद्र तिवारी व कांस्टेबल उदय कुमार यादव शामिल रहे।

# गोरखपुर में एटीएस की स्पेशल पुलिस आपरेशन टीम होगी तैनात

**गोरखपुर (एसएनबी)।** देश विरोधी गतिविधियों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल को देखते हुए गोरखपुर संवेदनशली माना जाता है। ऐसे में पुलिस को और पुख्ता करने के लिए एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने अन्य मामलों में शिकंजा कसने के साथ ही किसी बड़ी वारदात पर समय से मौके पर पहुंचने के लिए एटीएस की स्पेशल पुलिस अपरेशन टीम को गोरखपुर में तैनात करने पहल तेज कर दी है। सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही इसकी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। एडीजी ने भी गोरखपुर की संवेदनशीलता को बताते हुए कमांडो यूनिट की तैनाती करने का पहले ही प्रस्ताव भेजा है। एयरपोर्ट और गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा को देखते हुए डाग स्कवायड और बम निरोधक दस्ते की संख्या बढ़ाने की भी उन्होंने मांग की है।

**गोरखपुर को संवेदनशील बताकर कमांडो दस्ता के लिए एडीजी ने लिखा पत्र**

यूपी एटीएस अपने स्पेशल पुलिस अपरेशन टीम की एक यूनिट हर जिले में तैनात करने की पहले तैयारी की थी लेकिन इसमें ज्यादा फोर्स की जरूरत को देखते हुए फिलहाल अभी प्रदेश के चार जिलों में यूनिट तैनात करने की कवायद पर विचार चल रहा है जिसमें भारत-नेपाल सीमा करीब होने के साथ गोरखनाथ मंदिर, एयरपोर्ट, कुशीनगर आदि प्रमुख का संवेदनशील स्थलों को देखते इसमें गोरखपुर जिला भी शामिल है। इस टीम में शामिल जवान एक साथ तीन हथियार चला सकते हैं। सभी को हाई टेक्निकल हथियारों से लैस किया जाएगा। इनकी ट्रेनिंग काफी अधुनिक होने वाली है।

स्पेशल पुलिस अपरेशन टीम में पुलिस और पीएसी के जवानों को शामिल ही किया गया है। 40 साल से कम उम्र के इन जवानों को अधुनिक और मनोवैज्ञानिक ट्रेनिंग देकर तैयार किया गया है। यह चेहरा देखकर मन की बात भांप सकते हैं। आधुनिकतम हथियारों को चलाने की भी ट्रेनिंग दी गयी है। गोरखपुर में अभी एटीएस की एक यूनिट है जिसमें एक इंस्पेक्टर और अन्य कांस्टेबल है लेकिन स्पेशल पुलिस अपरेशन पुलिस टीम की यूनिट मिलने से उन्हें भी जरूरत पर बड़े कार्रवाई में मदद मिलेगी।

# रामगढ़ताल क्षेत्र पहले कभी अपराध का अड्डा होता था, अब है टूरिस्ट सेंटर: सीएम

### जनता दरबार लगाकर सुनीं लोगों की समस्याएं

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (5 July): दो दिवसीय विजिट में सिटी आए सीएम योगी आदित्यनाथ गोरखपुर को विकास कार्यों की सौगात दे गए. सोमवार को खोराबार के तरकुलानी रेगुलेटर पंप स्टेशन के इनॉगरेशन के बाद सीएम बेलवार के आदर्श इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा, केंद्र और राज्य में जब डबल इंजन की सरकार होती है तो दोगुनी गति से काम करती है. इससे लोगों के जीवन में खुशहाली आती है.

### तेजी से हा रहा गोरखपुर का डेवलपमेंट

सीएम ने कहा, गोरखपुर का डेवलपमेंट तेजी से हो रहा है. पहले कभी रामगढ़ताल क्षेत्र अपराध का अड्डा होता था. लेकिन अब वह टूरिस्ट सेंटर है. सीएम ने कहा कि प्रदेश में विकास भी होगा और विनाशकारी तत्वों पर कार्रवाई भी जारी रहेगी. कार्यक्रम के पहले उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और अफसरों को निराकरण करने के निर्देश दिए.



जनता दरबार में शिकायतें सुनते सीएम.

### विकास को गति देने सहजनवां में 203 करोड़ रुपए की योजनाओं का शुभारंभ




सहजनवां के मुरारी इंटर कॉलेज कैंपस में हुई जनसभा में सीएम ने कहा, पूर्वांचल में 40 साल से इंसेफेलाइटिस का कहर था. लेकिन केंद्र सरकार की नई सोच से इसका प्रभाव काफी कम हो गया है. उन्होंने कहा कि कोरोना खत्म हुआ है कि लेकिन अभी खत्म नही हुआ. इसलिए सभी सजग रहें. प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले स्टूडेंटस को टैबलेट देने की योजना की जानकारी सीएम ने दी. विकास की गति को बढ़ाने के लिए सहजनवां में 203 करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ किया गया. सांसद रवि किशन और विधायक शीतल प्रसाद ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया. इस दौरान ग्रामीण विधायक विपिन सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय मंत्री प्रदीप शुक्ला, राज्यसभा सदस्य जयप्रकाश निषाद, जल शक्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव टी वेंकटेश, विधायक संगीता यादव सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे.

## दहेज हत्या के आरोप में गिरफ्तार

झंगहा थाना पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में सोमवार दोपहर जंगल रसूलपुर के रामअवतार को गहिरा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया. पुलिस उसे जेल भेजने की तैयारी कर रही है. प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्र ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया.

## 254 रिक्रूट का हेल्थ चेकअप



GORAKHPUR: रिजर्व पुलिस लाइन के पुलिस मेस के व्हाइट हाउस में आईएमए, ह्यूमेन डाक्टर्स विंग एवं मेडिवर डिजिटल हॉस्पिटल द्वारा हेल्थ कैम्प ऑर्गनाइज किया गया. कैंप में 254 महिला आरक्षी रिक्रूट का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. शुभारंभ आईएमए प्रेसीडेंट डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने किया. कैम्प में मेडिवर डिजिटल हॉस्पिटल के संस्थापक रामेश्वर मिश्रा एवं विजय यादव, मधुलिका चौधरी, तहसीन खान का सहयोग रहा.

Hindustan4.webp Hindustan3.webp Hindustan2.webp Hindustan1.webp

### मुख्यमंत्री ने सुनी 560 लोगों की समस्या, सामने आए राजस्व एवं पुलिस से जुड़े सर्वाधिक मामले

# तहसील व थानों पर ही मामलों का करें निस्तारण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : दो दिवसीय गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्या सुनी। मुख्यमंत्री के सामने राजस्व एवं पुलिस से जुड़े सर्वाधिक मामले आए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि तहसील एवं थानों से जुड़े मामले मुख्यालय तक किसी भी दशा में नहीं आने चाहिए। उनका निस्तारण स्थानीय स्तर पर ही किया जाए। यदि तहसील या थानों पर सुनवाई न होने की शिकायत मिलती है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।



गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● सौ.गोरखनाथ मंदिर

**जनता दर्शन**

उन्होंने मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी से इसकी निगरानी करने को कहा। रविवार को संपन्न अधिकारियों की बैठक में भी मुख्यमंत्री ने इस बात को लेकर सख्त निर्देश दिए थे। सोमवार को उन्होंने 560 फरियादियों की समस्या सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया। जनता दर्शन में सुबह सात से 8.45 बजे तक दो शिफ्ट में सुनवाई हुई। किसी ने धोखाधड़ी कर जमीन हड़प लेने की शिकायत की, तो किसी ने थाने पर मुकदमा दर्ज न करने की बात कही। पुलिस व राजस्व विभाग से जुड़ी सर्वाधिक शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामले मुख्यालय आते हैं, तो तहसील के अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने एसएसपी को निर्देश दिया कि थाने स्तर पर हर हाल में शिकायतों का निस्तारण किया जाए। ऐसा न करने पर संबंधित थानेदार की जवाबदेही तय करते हुए उसपर कार्रवाई की जाए।

**परंपरागत रही दिनचर्या**: गोरखनाथ मंदिर में सोमवार की सुबह मुख्यमंत्री की दिनचर्या परंपरागत रही। मुख्यमंत्री ने सुबह गुरु गोरखनाथ की पूजा की तथा ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधिस्थल पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री गोशाला पहुंचे और गायों को दुलारते हुए गुड़-चना खिलाया। मुख्यमंत्री जनता दर्शन के बाद सुबह 11 बजे खोराबार क्षेत्र के बेलवार पहुंचे। मुख्यमंत्री शाम करीब 6.30 बजे एयरपोर्ट से वाराणसी के लिए रवाना हो गए।

## गोरखपुर में तैनात होगी एटीएस की स्पाट

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर**: एटीएस की स्पेशल पुलिस आपरेशन टीम(स्पाट) को गोरखपुर में भी तैनात करने की तैयारी चल रही है। एडीजी जोन ने गोरखपुर व नेपाल बार्डर की संवेदनशीलता को देखते हुए कमांडो यूनिट तैनात करने का प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय को भेजा है।

एटीएस ने पहले अपने स्पेशल पुलिस आपरेशन टीम की एक यूनिट हर जिले में तैनात करने की योजना तैयार की थी। लेकिन इसमें ज्यादा संख्या बल ही जरूरत होने पर केवल चार यूनिट खोलने की ही तैयारी चल रही है। जिसमें एक यूनिट गोरखपुर में तैनात होगी। इसकी वजह गोरखपुर के नेपाल बार्डर से करीब होने के साथ ही गोरखनाथ मंदिर, एयरपोर्ट की सुरक्षा-व्यवस्था है।एटीएस की स्पाट में शामिल जवानों को एक साथ तीन हथियार चलाने का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। टीम में 40 साल से कम उम्र वाले पुलिस और पीएसी के जवानों को शामिल होंगे। गोरखपुर में अभी एटीएस की एक यूनिट है जिसमें एक इंस्पेक्टर और चार सिपाही तैनात हैं।

# भाजपा विधायक के आवास पर छापा

## विधायक के छोटे भाई अखिलेश सिंह के रिशु कंस्ट्रक्शन का नाम जुड़ा है घोटाले से

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** गोमती रिवर फ्रंट घोटाले की जांच कर रही सीबीआइ ने सोमवार को संतकबीर नगर जिले के मेंहदावल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक राकेश सिंह बघेल के राप्तीनगर स्थित आवास पर छापा मारा। पांच सदस्यीय टीम ने यहां सात घंटे तक उनके छोटे भाई अखिलेश सिंह की फर्म रिशु कंस्ट्रक्शन से जुड़े दस्तावेज खंगाले। इस फर्म का नाम रिवर फ्रंट घोटाले से जुड़ रहा है। हालांकि, विधायक का कहना है कि उनके भाई की फर्म ने गोमती रिवर फ्रंट योजना में काम नहीं किया है।

लखनऊ से सीबीआइ इंस्पेक्टर रोहित कैथल चार सहयोगियों के साथ रविवार रात गोरखपुर पहुंचे। सोमवार सुबह नौ बजे शाहपुर पुलिस के साथ राप्तीनगर के गणेशपुरम कालोनी स्थित विधायक राकेश सिंह बघेल के आवास पर पहुंचे। उस

### रिवर फ्रंट घोटाला

- राप्तीनगर के गणेशपुरम में रहते हैं मेंहदावल विधायक राकेश बघेल
- जांच करने आई थी सीबीआइ की पांच सदस्यीय टीम

समय विधायक और उनके सबसे छोटे भाई अजय मौजूद थे। टीम ने आवास में घुसते ही गेट बंद कराकर सिपाही तैनात कर दिया। इसके बाद रिशु कंस्ट्रक्शन के कराए गए कामों की जानकारी ली। यहां मौजूद दस्तावेज खंगाले। टीम ने बताया कि जांच गोमती रिवर फ्रंट घोटाले में दर्ज एफआइआर से जुड़ी हुई है। सीबीआइ फर्म के साथ ही गाड़ी के कागजात, चेक बुक और दूसरी नहरों में कराए गए काम से संबंधित दस्तावेज साथ ले गई है।

**विधायक के छोटे भाई हैं रिशु कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर:** विधायक राकेश का परिवार 30 सालों से गणेशपुरम कालोनी में रहता है। उनके पिता लोक निर्माण विभाग में अवर अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। तीन भाइयों में राकेश सबसे बड़े हैं। उनसे छोटे अखिलेश ठीकेदारी करते हैं। उन्हीं की फर्म रिशु कंस्ट्रक्शन का नाम गोमती रिवर फ्रंट घोटाले से जुड़ा है। सबसे छोटे भाई अजय सिंह स्कूल चलाते हैं।

### रिवर फ्रंट घोटाले से नहीं है भाई का संबंध : विधायक



विधायक राकेश सिंह बघेल ने कहा कि सीबीआइ की टीम गोमती रिवर फ्रंट घोटाले से जुड़े मामले की जांच करने आई थी। अखिलेश सिंह ने वर्ष 2014-15 में रिवर फ्रंट से जुड़ी कैनाल में लाइनिंग का काम कराया था। 30 करोड़ के काम में तीन पार्टनर थे। भुगतान रिवर फ्रंट के फंड से किया गया था। उस काम की गुणवत्ता जांच कई बार हो चुकी है। घोटाले से मेरे भाई का कोई संबंध नहीं है। टीम दस्तावेज ले गई है। जांच में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय की जांच में क्लीनचिट मिल चुकी है।

### इन ठिकानों पर भी छापेमारी

विधायक के भाई अखिलेश के गोरखपुर व लखनऊ स्थित तीन ठिकानों पर सीबीआइ की टीम ने एक साथ छापेमारी की। अपनी फर्म रिशु कंस्ट्रक्शन अनमोल एसोसिएट्स का पता गणेशपुरम स्थित आवास का दिया है। इसके अलावा सीबीआइ की टीम ने रिशु कंस्ट्रक्शन अनमोल एसोसिएट्स ज्वाइंट वेंचर के लखनऊ के इंदिरा नगर स्थित डी-1215, पोस्ट आफिस से पहले और 3/522 विशाल खंड, गोमती नगर स्थित कार्यालय में भी छापेमारी की।

---

**जनता दर्शन** सीएम ने 560 फरियादियों की शिकायतें सुनीं, सर्वाधिक मामले राजस्व और पुलिस विभाग से जुड़े

# तहसील और थाना स्तर के मामले मुख्यालय तक न आएं

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कमिश्नर और एसएसपी को निर्देश दिया कि तहसील और थाना स्तरीय मामले वहीं पर निपटाए जाएं। यदि संबंधित अधिकारी या कर्मचारी लापरवाही बरतें तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। ऐसे मामले मुख्यालय तक नहीं आने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने सुबह हिंदू सेवाश्रम में 560 फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अफसरों को जल्द निस्तारण का निर्देश दिया। दो शिफ्ट में सुबह सात बजे से 8.45 बजे तक चले जनता दर्शन के दौरान सर्वाधिक मामले राजस्व और पुलिस से जुड़े थे। किसी ने धोखे से जमीन हथिया लेने की



जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनते सीएम योगी। संवाद न्यूज एजेंसी

### थाना स्तर पर शिकायतों का निस्तारण नहीं करने वाले थानेदारों पर कार्रवाई का दिया निर्देश

शिकायत की तो किसी ने थाने में मुकदमा नहीं दर्ज करने या कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की।

दो ही विभागों से जुड़ी सर्वाधिक शिकायतें पाए जाने पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व के तहसील स्तरीय मामले वहीं पर निपटाए जाएं। ऐसे मामले मुख्यालय आने पर संबंधित की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने कमिश्नर रवि कुमार एनजी से कहा कि मामलों का सही से निस्तारण नहीं करने और लापरवाही करने वाले अफसरों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसी तरह मुख्यमंत्री योगी एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु को निर्देश दिया कि थाना स्तर पर शिकायतों का निस्तारण नहीं होने पर संबंधित थानेदार की जवाबदेही तय करते हुए उनपर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में आई सभी शिकायतों का संबंधित विभागों से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया।

---

# पुलिस ने महिला को परिजनों को सौंपा

**बस्ती।** छावनी कस्बे में रविवार को अकेले घूमती मिली महिला को पुलिस ने सोमवार को परिजनों को सौंप दिया। एसओ आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार की शाम को महिला मिली थी। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही थी। महिला गोरखपुर जिले की रहने वाली है। पूछताछ के बाद उसके घर का पता चला और सोमवार को पहुंचे परिजन उसे साथ ले गए। संवाद

# DEORIYA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-07-2021

राष्ट्रीय सहारा दि. 6/12/21

# अभियुक्त चन्द्रशेखर यादव की एक करोड़ से अधिक की सम्पत्ति कुर्क

देवरिया(एसएनबी)। गैंगस्टर अधिनियम के तहत पुलिस ने रविवार को अभियुक्त चन्द्रशेखर यादव को अवैध रूप से अर्जित एक करोड़ से अधिक की सम्पत्ति की कुर्की किया। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने रविवार को गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त चन्द्रशेखर यादव पुत्र श्याम बिहारी निवासी मेहड़ा पुरवा थाना कोतवाली जनपद देवरिया के विरुद्ध गिरोहबंद अधिनियम की धारा 14(1) के अन्तर्गत अवैध रूप से अर्जित की गयी मेहड़ा पुरवा श्याम पैलेस मैरिज हाल अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ चार हजार नौ सौ रूपये कुर्क किया। साथ ही सम्पत्ति का रिसीवर तहसीलदार सदर/प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर को नियुक्त किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि गंभीर धाराओं में कुल सात अभियोग पंजीकृत है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 6/7/19

# पुलिस ने पकड़ा वध के लिए ले जा रहे बैलों से भरा ट्रक





ट्रक व पशुओं के साथ गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम व ट्रक में भरे बैलो का दृश्य। फोटो : एसएनबी

**भाटपाररानी(एसएनबी)**। बीती रात खामपार पुलिस ने उत्तर प्रदेश विहारसीमावर्ती क्षेत्र के चकिया कोठी चेक पोस्ट से बध के लिए लेजा रहे 18 अदद बैलोंसे भरा ट्रक पकड़ लिया। हालांकि पुलिस की छापेमारी मेंअंधेरे का लाभ लेते हुए ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक संख्या यूपी-62-टी/8463 सहित सभी बैलों कोगिरफ्त मेंलेकर पशुक्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामलेकी छानबीन में जुट गयी।

**मामले की छानबीन में जुटी पुलिस**

मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह मयफोर्स गश्त पर निकले थे कि मुखबीर से सूचना पाकर भिंगारी बाजार से भवानीछापर मार्ग पर स्थित चकिया चेक पोस्ट के समीप दलबल के साथ चेकिंग शुरू कर दिया ,तभी भिंगारी की तरफ सेएक ट्रक आतेदिखाईदिया जिसे मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तोट्रक चालक चेकपोस्ट के समीप ट्रक खड़ा कर. अंधेरेका लाभ लेते हुए फरार हो गया। पुलिसकर्मियोंने ट्रक नम्बर यू.पी.62 टी/8463 केऊपर चढ़कर देखा तोट्रक में18 अदद बैल भरेहुए थें। पुलिस ने ट्रक व बैलों को कब्जेमें लेकर थानेलाने के पश्चात मुकदमा दर्ज कर बैलों कोसेल्टरहाऊस भेज दिया। पुलिस की इस कार्यवाही से जहांपशुतश्करों मेंहड़कम्प मचा हुआ हैवही क्षेत्र में चल रहे पशुतश्करी के लिए पुलिसियां संरक्ष ण की भी चर्चा हो रही है। बैलोंसे भरेट्रक कोपकड़ने वाली पुलिस टीम में भिंगारी चौकी प्रभारी ओमप्रकाश सिंह, का.बेलाल अंसारी, का.रणजीत सिंह, कन्हैया चौधरी, रामजी यादव, सुनील यादव, सुनील कुमार, भूपेन्द्र शुक्ला, अवनीश द्विवेदी, महिला पुलिसकर्मी प्रियंका सिंह, कविता चर्तुवेदी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

हिन्दुस्तान दि. 6/7/21

# पशुओं से भरे ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

**भाटपाररानी | हिन्दुस्तान संवाद**

खामपार की पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के भिंगारी-भवानी छापर मार्ग चकिया कोठी के पास से नौ जोड़ी बैल लाद कर बिहार जा रही ट्रक को पकड़ लिया है। पुलिस वाहन को सीज कर ट्रक व बैल के बारे में जानकारी जुटा रही है। वही तस्कर सहित वाहन चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गए। जिनके तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

थानाध्यक्ष खामपार घनश्याम सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि ट्रक पर पशु लाद कर तस्कर बिहार जाने की फिराक में है। सूचना के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने बिहार की ओर जाने वाली सड़को पर मोर्चाबन्दी कर दी। थानाध्यक्ष चकिया कोठी मोड़ पर सुरागकसी में थें। कि इसी बीच तेज रफ्तार से भिंगारी बाजार के तरफ से भवानी छापर रोड में आती दिखाई दी। ट्रक पर सवार तस्कर व चालक गाड़ी को पुलिस से कुछ दूरी पर ही खड़ा कर भाग निकले। ट्रक के के पास पहुची पुलिस ने तलाशी के दौरान देखा कि उक्त ट्रक में नौ जोड़े बैल रस्सी से बंधे पड़े थे। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने कहा कि केस दर्ज कर पुलिस तस्कर व चालक की तलाश में जुटी है। ट्रक पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह, चौकी प्रभारी ओमप्रकाश सिंह, हेड कांस्टेबल रणजीत सिंह शामिल थे।

हिन्दुस्तान दि. 6/7/21

पुरवां मेहड़ा गांव का रहने वाला है चंद्रशेखर, आपराधिक वारदातों को अंजाम देकर अर्जित की है संपत्ति

# हिस्ट्रीशीटर की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क

**शिकंजा**

**देवरिया | निज संवाददाता**

जिले के हिस्ट्रीशीटर चंद्रशेखर यादव की 1.04 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति पुलिस ने सोमवार को कुर्क कर ली। इसका रिसीवर सदर तहसीलदार को नियुक्त किया गया है। यह कार्रवाई डीएम के आदेश पर की गई है।


सदर कोतवाली क्षेत्र के पुरवां मेहड़ा गांव के रहने वाले चन्द्रशेखर यादव पुत्र श्याम बिहारी के विरुद्ध कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार वह गिरोह बनाकर तस्करी व अन्य अपराधों को अंजाम देता था। पिछले 12 वर्षो में उसने अपराध का साम्राज्य खड़ा कर लिया। उसके विरुद्ध हत्या, हत्या का प्रयास, पशु और शराब तस्करी जैसे केस दर्ज हैं। एक राजनीतिक दल का संरक्षण प्राप्त होने के चलते उसके हौसले बढ़ते गए और उसने करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली।



चंद्रशेखर यादव के पुरवां स्थित मैरेज हॉल को सील करती पुलिस टीम।



चंद्रशेखर यादव।



चन्द्रशेखर यादव ने अपराध से काफी संपत्ति अर्जित की थी। जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति के बाद उसके मैरेज हॉल को कुर्क किया गया है। इसकी कीमत लगभग 1.04 करोड़ रुपये है।

**डॉ. श्रीपति मिश्र,** एसपी, देवरिया

पुलिस और जिला प्रशासन ने उसकी संपत्तियों का ब्योरा एकत्र किया। इसके बाद गिरोह बंद अधिनियम के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र ने संपत्ति कुर्क करने के लिए डीएम से पत्राचार किया। जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति मिलने के बाद सोमवार को एसडीएम सदर सौरभ सिंह के नेतृत्व में सदर कोतवाली पुलिस ने चंद्रशेखर यादव के पुरवा स्थित श्याम पैलेस मैरेज हॉल कुर्क कर लिया। इसकी कुल कीमत 1.04 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस संपत्ति को एसडीएम सदर के अधीन सुपुर्द किया गया है, जिसका कस्टोडियन तहसीलदार को बनाया गया है। कुर्की से पहले डुग्गी पिटवाकर लोगों को जानकारी दी गई।

## हिस्ट्रीशीटर चन्द्रशेखर के विरुद्ध दर्ज मुकदमे

सदर कोतवाली क्षेत्र के बदमाश चन्द्रशेखर यादव के विरुद्ध सदर सर्किल में सात मुकदमे दर्ज हैं। मुकदमा अपराध संख्या 10/2019 में धारा 307,394,411,120 बी आईपीसी, मुकदमा अपराध संख्या 84/2019 में 3/25, मुकदमा अपराध संख्या 154/2019 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट, मुकदमा अपराध संख्या 214/2019 धारा 307 आईपीसी, मुकदमा अपराध संख्या 215/2019 में 3/25 , मुकदमा अपराध संख्या 216/2019 धारा 8/44 एनडीपीएस एक्ट और मुकदमा अपराध संख्या 50/2020 में 394 और 411 आईपीसी के तहत मामले दर्ज हैं।

# हिस्ट्रीशीटर की 1.04 करोड़ की संपत्ति कुर्क

देवरिया। जिले के हिस्ट्रीशीटर चंद्रशेखर यादव की 1.04 करोड़ की चल-अचल संपत्ति पुलिस ने सोमवार को कुर्क कर ली। यह कार्रवाई डीएम के आदेश पर की गई है। सदर कोतवाली के पुरवां मेहड़ा गांव के रहने वाले चन्द्रशेखर यादव पुत्र श्याम बिहारी के विरुद्ध कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। पेज 02

# देसी शराब के साथ गिरफ्तार

देवरिया : सदर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर घूम रहे एक व्यक्ति को जीआरपी ने पकड़ लिया। तलाशी के दौरान 25 शीशी देसी शराब बरामद की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम पवन कुमार शाह बताया। वह बिहार के छपरा के नई बाजार का रहने वाला है। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 6।7।21

# गैंगस्टर की 1.04 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## हत्या के प्रयास व लूट के कई मामले हैं शातिर चंद्रशेखर पर दर्ज, किरायेदारों को भी हटाया गया

जागरण संवाददाता, देवरिया : सदर कोतवाली के पुरवा के रहने वाला शातिर बदमाश चंद्रशेखर यादव की एक करोड़ चार हजार रुपये की संपत्ति प्रशासन ने जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर सोमवार को कुर्क कर दिया। जिसमें देवरिया-हाटा मार्ग पर स्थित श्याम पैलेस भी शामिल है। प्रशासन की इस कार्रवाई से गैंगस्टरों में खलबली मच गई है। कुछ और भी गैंगस्टर की संपत्ति कुर्क करने की प्रशासन की तैयारी चल रही है।

मेहड़ा पुरवा का रहने वाला चंद्रशेखर यादव शातिर बदमाश है। इसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी, जिसकी विवेचना रामपुर कारखाना थानाध्यक्ष द्वारा की गई। विवेचना के बाद जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष निरंजन की अदालत में इसकी संपत्ति कुर्क करने के लिए धारा 14 (1) वाद दाखिल पुलिस ने किया। देवरिया-हाटा रोड पर स्थित श्याम पैलेस को कुर्क करने का आदेश दिया गया, जिसकी कीमत एक करोड़ चार हजार रुपये निर्धारित की गई है।

सोमवार को उप जिलाधिकारी सौरभ सिंह, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, कोतवाल राजू सिंह पुलिस बल के साथ पैलेस पर पहुंचे और उसे कुर्क कर दिया। इस दौरान पैलेस में रह रहे कुछ किरायेदारों को भी पुलिस ने खाली करा दिया।



श्याम पैलेस को सील कराते सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी • जागरण

### कार्रवाई

- हाटा मार्ग पर पुरवा में स्थित श्याम पैलेस पर लगा प्रशासन का ताला
- गैंगस्टर के तहत अर्जित की गई संपत्ति को किया गया कुर्क

**भाई के नाम से है कुर्क संपत्ति:** कुर्क किए गए श्याम पैलेस का निर्माण गैंगस्टर के पिता श्याम बिहारी की भूमि पर किया गया है। जबकि पैलेस का निर्माण उसके भाई जितेंद्र कुमार के नाम से 2019 में बनवाया गया है।



गैंगस्टर की संपत्ति कुर्क करने पहुंचे एसडीएम सौरभ सिंह व अन्य • जागरण

**सात मुकदमे हैं दर्ज:** गैंगस्टर चंद्रशेखर पर सात मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें 2019 में पहला अपराध इसने हत्या के प्रयास व लूट के साथ किया था। 2019 में ही सदर कोतवाली में असलहा के साथ गिरफ्तार किया गया था। जबकि 2019 में ही गैंगस्टर की कार्रवाई की गई, 2019 में ही इसने हत्या का प्रयास किया।

> गैंगस्टर की संपत्ति कुर्क की गई है। तहसीलदार को उसे हैंडओवर कर दिया गया है। कुछ और गैंगस्टर को कार्रवाई के लिए चिन्हित किया जा रहा है।
>
> डा. श्रीपति मिश्र, एसपी

2019 में इसके खिलाफ सदर कोतवाली में छह तो 2020 में एक लूट की वारदात को इसने अंजाम दिया। एक मामले में यह आज भी वांछित चल रहा है।

# पशुओं से भरे ट्रक को पुलिस ने पकड़ा, तस्कर फरार

भाटपाररानी : खामपार थाना क्षेत्र के भिंगारी बाजार–भवानी छापर मार्ग के चकिया कोठी के समीप से पुलिस ने बिहार भेजे जा रहे एक ट्रक गो–वंशीय पशु बरामद किया। हालांकि चालक व तस्कर फरार हो गए। अब पुलिस ट्रक नंबर के जरिये आरोपितों तक पहुंचने में जुट गई है। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह पुलिस टीम के साथ चकिया कोठी मोड़ के समीप खड़े थे। इस बीच तेज रफ्तार से एक ट्रक आते हुए नजर आया। पुलिस ने ट्रक को रोक लिया। इस बीच चालक व वाहन में सवार तस्कर फरार हो गए। पुलिस ने जब अंदर जांच किया तो ट्रक में 18 बैल मिले। इसके बाद पुलिस चालक व तस्करों की तलाश में जुट गई। लेकिन तस्कर नहीं मिले। थानाध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तस्करों को जल्द ही गिरफ्तार कर

अमर उजाला दि. 6/7/12

# चोरी के आरोपियों को पुलिस ने उठाया

देवरिया। ताला बंद मकानों में चोरी करने वाले गिरोह के छह संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पूछताछ के दौरान इनकी निशानदेही पर चोरी करने के उपकरण बरामद हुए है। रविवार की रात में कोतवाली पुलिस ने विभिन्न जगहों पर दबिश देकर करीब आधा दर्जन युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस को शक है कि शहर में कुछ दिन पहले हुई कुछ चोरी की घटनाओं इनका हाथ हो सकता है। इसके चलते पुलिस सोमवार की शाम को पूछताछ करने में जुटी हुई थी। *संवाद*

अमर उजाला दि. 6/7/21

# गैंगस्टर की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क

## जिलाधिकारी के आदेश पर कांप्लेक्स कुर्क करने की हुई कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** जिलाधिकारी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने 11 संगीन मुकदमों में नामजद गैंगस्टर की एक करोड़ चार हजार की संपत्ति सोमवार को कुर्क कर ली गई। बदमाश ने अपराध की दुनिया से रकम कमाकर कांप्लेक्स का निर्माण करा लिया था। पुलिस की नजर से बचने के लिए कुछ दिन पहले उसे अपने भाई के नाम कर दिया था।

सदर कोतवाली के मेहड़ा पुरवा निवासी चंद्रशेखर यादव पर पुलिस रिकार्ड में हत्या की कोशिश करने सहित 11 मुकदमे दर्ज हैं।

सूत्रों के अनुसार बदमाश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। आरोपी ने गिरोह बना कर घटनाओं को अंजाम देकर धन अर्जित करता रहा।

पुलिस से बचने के लिए इसने अपराध की दुनिया से धन कमाने के बाद अपने भाई जितेंद्र के नाम से सदर कोतवाली क्षेत्र देवरिया- हाटा मार्ग पर श्याम पैलेस के नाम से मैरेज हॉल और कॉप्लेक्स का निर्माण करा लिया। जिलाधिकारी के आदेश पर सोमवार की दोपहर सदर एसडीएम सौरभ कुमार, सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी और कोतवाल राजू सिंह मौके पर पहुंचे और कांप्लेक्स को कुर्क कर लिया। सीओ ने बताया कि एक करोड़, चार हजार की संपत्ति कुर्क की गई है।



**पुरवा में पुलिस प्रशासन ने अभियुक्त चन्द्रशेखर यादव की संपति कुर्क की गई।** *संवाद न्यूज एजेंसी*

### अभी चार और गैंगस्टर हैं पुलिस के निशाने पर

देवरिया। पुलिस के निशाने पर अभी भी चार गैंगस्टर हैं। जिनकी संपत्तियों को पुलिस शीघ्र कुर्क करने की तैयारी में है। इसके लिए पुलिस जिलाधिकारी के आदेश का इंतजार कर रही है। कोतवाली पुलिस ने चार बदमाशों की संपत्तियों का ब्योरा तैयार किया है। इनकी संपत्तियों को कुर्क करने के लिए इनका आपराधिक इतिहास आला अफसरों के सामने रखा गया है। सीओ ने बताया कि बहुत जल्द कुछ अन्य गैंगस्टर की संपत्तियों को भी कुर्क किया जाएगा। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-07-2021

# चोरी की 11 बाइक बरामद, पांच गिरफ्तार

कसया | **हिन्दुस्तान संवाद**

कसया पुलिस व स्वाट टीम के संयुक्त प्रयास से रविवार की शाम बड़ी कामयाबी मिली। टीम ने चोरी की 11 बाइकों के साथ पांच लिफ्टरों को उस समय पकड़ लिया जब वे चोरी की इन बाइकों बेचने की फिराक में थे। पुलिस सभी गिरफ्तार लिफ्टरों को जेल भेज दिया है। वाहन चोरों को मीडिया के समक्ष पेश करते हुए एसएचओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि सपहा रोड प्रेमनगर चौराहे के पास बाइक लिफ्टर चोरी की हुई बाइक बेचने को लेकर मोलभाव कर रहे हैं। थाने पर उस वक्त स्वाट प्रभारी अमित शर्मा अपनी टीम के साथ भी मौजूद थे।

सूचना मिलते ही बिना देर किए पुलिस और स्वाट टीम मौके पर पहुंच गई और लिफ्टरों को दबोच लिया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए पांचों लिफ्टर अंतरराज्यीय गिरोह के हैं। यपी ही नहीं बिहार व अन्य राज्यों से ही बाइकें चुराते हैं। इनके ऊपर बिहार सहित यूपी के विभिन्न थानों में अनेक सुसंगत धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपितों की पहचान जावेद अहमद निवासी बतरौली बाजार थाना कुबेरस्थान, राजू अंसारी व नीरज यादव निवासी दुदही मईहरवा थाना विशुनपुरा, औरंगजेब निवासी शिवपुर बुजुर्ग थाना कसया, दिलीप कुमार निवासी गगइचा थाना दुधारा संतकबीरनगर के रूप में हुई। पुलिस ने सभी लिफ्टरों को न्यायालय में पेश किया जहां से उनको जेल भेज दिया गया।



थाना परिसर में बाइक लिफ्टरों के साथ पुलिस टीम।

**गिरफ्तारी में ये रहे शामिलः** स्वाट निरीक्षक व कसया इंसपेक्टर के अलावा उपनिरीक्षक रविंद्र यादव, सैयद वसी हैदर जबी, अजय कुमार पटेल, हेड कां. कमलेश कुमार, कां. विकास यादव, विनय यादव, शेर बहादुर सिंह, स्वाट टीम कां. मुबारक अली, सुनील सिंह, अशोक कुमार सिंह, शिवानंद सिंह, रणजीत यादव, सचिन कुमार, चंद्रशेखर यादव, संदीप भाष्कर एवं सर्विलांश टीम के कां. अभिषेक यादव शामिल रहे।

# हत्या के आरोपी को भेजा जेल

**अहिरौली बाजार।** अहिरौली बाजार की पुलिस ने सोमवार को हत्या के मामले में वांछित एक आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

भैंसही बाजार के अखिलेश राजभर की हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया गया था। 20 जनवरी में शव बरामद होने के बाद इस मामले में फरवरी में मुख्य आरोपी राजन जायसवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जांच में पता चला कि हत्या में कुछ और लोग भी शामिल थे। पुलिस ने छानबीन की थाना क्षेत्र के ही पकड़ी बावन निवासी गोकुल मद्धेशिया का नाम प्रकाश में आया। एसओ संजय सिंह ने बताया कि सोमवार को सूचना मिली कि गोकुल झुंगहिया में पेट्रोल पंप के निकट पुलिया पर मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में साधन का इंतजार कर रहा है।

# पांच बाइक लिफ्टर गिरफ्तार, 11 मोटरसाइकिलें बरामद

**जासं,कसया:** अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली। रविवार की रात कसया पुलिस व स्वाट टीम ने पांच बाइक लिफ्टरों को दबोचा और उनकी निशानदेही पर चोरी की 11 मोटरसाइकिलें बरामद की। इनके विरुद्ध बिहार, गोरखपुर और उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में मुकदमा पंजीकृत है। सोमवार को सभी न्यायालय में प्रस्तुत किया गए, जहां से इन्हें जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह एवं स्वाट प्रभारी अमित शर्मा टीम के साथ प्रेमनगर चौराहा पहुंचे और वहां बाइक बेचने की फिराक में जुटे आरोपितों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपितों की पहचान जावेद अहमद बतरौली बाजार, थाना कुबेरस्थान, राजू अंसारी व नीरज यादव दुदहीं महिहरवा, थाना विशुनपुरा, औरंगजेब शिवपुर बुजुर्ग, थाना कसया, दिलीप कुमार गगइचा, थाना दुधारा संतकबीरनगर के रूप में हुई। एसएचओ ने बताया कि यह अंतरप्रांतीय वाहन चोर गिरोह है। इनके विरुद्ध बिहार से लेकर उप्र के विभिन्न थानों में वाहन चोरी का मुकदमा दर्ज है।



कसया थाने में बरामद मोटरसाइकिल व बाइक लिफ्टरों के साथ खड़ी पुलिस टीम ● जागरण

**टीम में यह रहे शामिल :** बाइक लिफ्टरों को पकड़ने वाली टीम में कसया थाने के उपनिरीक्षक रविंद्र यादव, सैयद वसी हैदर जबी, अजय कुमार पटेल, हेड कां. कमलेश कुमार, कां. विकास यादव, विनय यादव, शेर बहादुर सिंह, स्वाट टीम कां. मुबारक अली, सुनील सिंह, अशोक कुमार सिंह, शिवानंद सिंह, रणजीत यादव, सचिन कुमार, चंद्रशेखर यादव, संदीप भाष्कर एवं सर्विलांस टीम के कां. अभिषेक कुमार यादव भी शामिल रहे।

# फरार हत्यारोपित गिरफ्तार

**अहिरौलीबाजार :** पुलिस ने सोमवार को हत्या के आरोप में फरार आरोपित को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित को पुलिस न्यायालय ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह अपनी टीम के साथ सुबह गश्त पर थे। झुंगहिया बाजार के समीप जांच पड़ताल कर रहे थे, इस बीच चाय की दुकान में बैठा एक युवक भागने लगा। दौड़ाकर पुलिस ने उसे पकड़ा। उसकी पहचान गोकुल मद्धेशिया निवासी पकड़ी बावन थाना अहिरौली बाजार के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वह हत्या के मामले में आरोपित है। (जासं)




हाटा कोतवाली परिसर में पौधा लगाते एसएचओ जयप्रकाश पाठक बाएं
● जागरण



सेवरही थाना परिसर में बरगद का पौधा लगाते थानाध्यक्ष एमपी चतुर्वेदी बाएं ● जागरण



पकड़ी के पंचायत भवन परिसर में पौधा लगाते थानाध्यक्ष संजय सिंह • जागरण



पडरौना पशु चिकित्सालय परिसर में पौधा लगाते एसएचओ अनुज सिंह ● जागरण



तमकुहीराज में पीपल का पौधा लगाते सीओ फूलचंद कन्नौजिया ● जागरण



कप्तानगंज थाना परिसर में पीपल का पौधा लगाते एसएचओ गोपाल पांडेय दाएं ● जागरण



खड्डा ब्लाक परिसर में पीपल का पौधा लगाते बाएं से एसडीएम अरविंद कुमार, सीओ शिवाजी सिंह ● जागरण

# हत्या के मामले में वांछित व्यक्ति गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार।** सोमवार को अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के पकड़ी बावन गांव निवासी गोकुल मद्धेशिया इस समय खोट्ठा बाजार में घर बनाकर रह रहा था। उसे सोमवार को पुलिस ने झुंगहिया स्थित एक पेट्रोल पंप के पास गिरफ्तार कर लिया। गोकुल मद्धेशिया भैंसहीं बाजार के पास हुई एक व्यक्ति की हत्या में वांछित था। काफी दिनों से पुलिस को उसकी तलाश थी। उसे गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ संजय कुमार सिंह, एसएसआई राजेश कुमार, कांस्टेबल अनिल यादव व धीरज शामिल थे। संवाद

# चोरी की 11 बाइक से साथ पांच वाहन चोर गिरफ्तार

**पडरौना।** पुलिस प्रशासन बड़ी उपलब्धि हाथ लगी है। सोमवार को पुलिस को चोरी की 11 बाइक के साथ पांच वाहन चोर गिरफ्तार करने में सफलता मिली। गिरफ्तार करने के लिए स्वॉट, सर्विलांस और कसया थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से प्रयास किया था। पुलिस इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी है।

एसपी सचिंद्र पटेल ने बताया कि पुलिस ने कसया थाना क्षेत्र की प्रेमनगर पुलिया के पास से इन पांचों वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। इनका नाम जुबेर आलम निवासी बतरौली बाजार थाना कुबेरस्थान, राजू अंसारी उर्फ मैनुल्लाह व नीरज यादव उर्फ अनुराज यादव निवासी दुदही मइहरवा थाना विशुनपुरा, औरगंजेब उर्फ गोलू निवासी शिवपुर बुजुर्ग थाना कसया और दिलीप कुमार चौहान निवासी भगइचा थाना दुधारा जिला संतकबीरनगर है। इनकी निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से चोरी की 11 बाइक बरामद की गई है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर कसया थाना में इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इनमें दिलीप कुमार चौहान के खिलाफ संतकबीरनगर जिले के दुधारा थाना में दो और कसया थाना में एक मुकदमा दर्ज हैं। बतरौली निवासी जुबेर आलम जीआरपी गोरखपुर सहित गोपालगंज जिले के बरौली, बलरामपुर के उतरौली, नासिक के सिन्नर, संतकबीरनगर, कसया और तुर्कपट्टी थाना में मुकदमा दर्ज है। सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। एसपी ने बताया कि इन्हें गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कसया थाने के एसओ अखिलेश कुमार सिंह, एसआई रवींद्र यादव, सैयद वसी हैदर जैदी, अजय कुमार पटेल, स्वॉट टीम के अमित शर्मा, हेड कांस्टेबल मुबारक अली, सुशील सिंह, कांस्टेबल अशोक कुमार सिंह, शिवानंद सिंह, रणजीत यादव, सचिन कुमार, चंद्रशेखर यादव, संदीप भास्कर, सर्विलांस टीम के अभिषेक कुमार यादव, कमलेश

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-07-2021

# चेन छीन भाग रहे उचक्के को पकड़ा

**फरेंदा।** नगर पंचायत फरेंदा के महराजगंज रोड पर इलाहाबाद बैंक के सामने सोमवार अपराह्न डेढ़ बजे पड़ोसी के घर जा रही महिला का बाइक सवार उच्चकों ने गले से चेन खींचकर एक गली भागने लगे। गली में कुछ दूर आगे जाकर बन्द थी। इस पर आस-पास के लोगों ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। फरेन्दा पुलिस को सौंप दिया।

नगर पंचायत आनन्दनगर के वार्ड नं. 9 निवासी दवा व्यवसायी कैलाश अग्रहरी की पत्नी अपने पड़ोसी के घर जा रही थी। जैसे ही एक गली के पास पहुंची थी कि स्पेल्डर सवार युवक महिला के गले से चेन खीच कर उसी गली मे मोटर साइकिल सहित भागने लगे। गली आगे से बन्द होने के कारण आस पास के लोग उसे दौड़ा कर पकड़ लिए।

# नेपाल बॉर्डर पर गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**सोनौली।** भारत-नेपाल के सोनौली बार्डर पर एसएसबी कैम्प के पीछे पगडंडी मार्ग पर पुलिस व सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने गस्त के दौरान एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। वह नेपाल से गांजा लेकर भारतीय सीमा में आ रहा था। पूछताछ के बाद आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत के दर्ज कर जेल भेज दिया गया। तलाशी में युवक के पास 540 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इसके बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सलीम खान निवासी गजरजोतिया गौतमबुद्ध नगर सोनौली बताया।

# नेपाल बॉर्डर पर गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**सोनौली।** भारत-नेपाल के सोनौली बार्डर पर एसएसबी कैम्प के पीछे पगडंडी मार्ग पर पुलिस व सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने गस्त के दौरान एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। वह नेपाल से गांजा लेकर भारतीय सीमा में आ रहा था। पूछताछ के बाद आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत के दर्ज कर जेल भेज दिया गया। तलाशी में युवक के पास 540 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इसके बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सलीम खान निवासी गजरजोतिया गौतमबुद्ध नगर सोनौली बताया।

# 225 बोरी कनेडियन मटर पकड़ी गई

**निचलौल।** एसडीएम निचलौल प्रमोद कुमार व एसएसबी की टीमों ने सोमवार को दो अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो पिकअप पर लदी 225 बोरी कनेडियन मटर पकड़ी है। टीम ने पकड़ी गई मटर व पिकअप को सीज कर निचलौल कस्टम को सौंप दिया है।

एसडीएम व एसएसबी झुलनीपुर की टीम ने सुबह झुलनीपुर नहर पर एक पिकअप पर लदा 100 बोरी कनेडियन मटर पकड़ी है। इस दौरान एक शख्स भी पकड़ा गया है। दूसरी बरामदगी एसएसबी शितलापुर व एसडीएम की टीम ने निचलौल क्षेत्र के ग्राम छितौना के गदहिला टोला से किया। इस गॉव के बाहर दिन में 11 बजे एक पिकअप पर 125 बोरी मटर लादकर कहीं भिजवाने की कुछ लोग तैयारी में थे। इस बीच सूचना पर पहुंची टीम ने मटर लदी पिकअप को पकड़ लिया। पिकअप का चालक टीम को देखकर भाग निकला। मौके से पिकअप के साथ एक शख्स पकड़ा गया।

# 17 लाख की तस्करी का सामान पकड़ा

**ठूठीबारी।** नेपाल पुलिस ने भारतीय सीमा क्षेत्र से अवैध रूप से लाए जा रहे 17 लाख रुपए का सामान बरामद किया है। जिला प्रहरी कार्यालय सूचना अधिकारी डीएसपी राजू लामा ने बताया कि महेशपुर सीमा प्रहरी के जवान पाल्हिनंदन गांव पालिका गोपालपुर से 365 पीस ओमनी गोल्ड घास को नष्ट करने का केमिकल, बसहियां सीमा प्रहरी प्रतापपुर गांव पालिका धरमौली से 89 हजार रुपए कीमत का 35 पीस नेट साड़ी, 19 पीस सूट, सुनवल नगर पालिका सुनवल चौक से अवैध रुप से एक पिकअप पर लदा 48 किलो काजू, 24 किलो बादाम, नीला रेडबुल 12 सौ पीस पकड़ा गया।

# 17 लाख रुपये के तस्करी का सामान बरामद

**जासं, दूढीबारी:** सीमा प्रहरी के जवानों ने तस्करी कर लाए गए 17 लाख रुपये के सामान को अलग-अलग जगहों से पकड़ कर अग्रिम कार्रवाई के लिए महेशपुर कस्टम (भंसार) कार्यालय को सुपुर्द किया है। डीएसपी राजू लामा ने बताया महेशपुर सीमा प्रहरी के जवान पाल्हिनंदन गांव पालिका के गोपालपुर से 365 पीस ओमनी गोल्ड (घास जलाने वाला केमिकल), बसहियां सीमा प्रहरी प्रतापपुर गांव पालिका धरमौली से 89 हजार रुपये कीमत के 35 साड़ी व 19 सूट, सुनवल चौक से अवैध रूप से पिकप पर लदी 48 किलो काजू, 24 किलो बादाम, 12 सौ पीस रेडबुल, 590 पैकेट कपूर, 40 किलो पापड़ सहित चालक को पकड़ा गया है।

# टप्पेबाजों का गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा

दैनिक जागरण, 06.07.2021

**जागरण संवाददाता, नौतनवा:** थाना क्षेत्र के छपवा गांव निवासी करन मद्धेशिया से बीते एक जुलाई को झांसा देकर 30 हजार रुपये लेकर फरार टप्पेबाजों को पिपराइच गोरखपुर की पुलिस ने रविवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी थी। लेकिन गिरफ्तारी के बाद छह लोगों का एक गैंग का पर्दाफाश हुआ है। यह सभी बिहार चंपारण के निवासी हैं। सोमवार को नौतनवा पुलिस वारंट बी के माध्यम से आरोपितों को रिमांड में लेने के लिए निकल पड़ी है। करन मद्धेशिया बीते गुरुवार को नौतनवा पीएनबी बैंक से 30 हजार रुपये निकालकर घर जा रहे थे। छपवा तिराहा पर दो युवकों ने बिहार जाने वाली बस की जानकारी मांगी और अपनी बातों में उलझाकर रुपये व मोबाइल लेकर चंपत हो गए। विवेचक नगर चौकी प्रभारी संजय कुमार शाही ने बताया कि पिपराइच पुलिस ने एक मामले में छह लोगों को हिरासत में लिया, उनके पास से नौतनवा से चोरी हुए मोबाइल व रुपये बरामद हुए।

कड़ाई से पूछताछ में आरोपितों ने भरभराकर घटनाओं को उगल दिया। जिसमें मामला खुलकर सामने आया, पकड़े गए टप्पेबाजों का छह लोगों का एक गैंग है। यह लोग एक कार से चलते हैं और गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया आदि जनपदों के शहरों में स्थित बैंकों से रुपये निकालने वालों को अपना शिकार बनाने के लिए प्लान बनाते हैं। जिसमें दो लोग अकेले व्यक्ति को झांसे में लेते हैं, वहीं अन्य साथी अलग-अलग स्थानों पर मिलकर काम को अंजाम देकर कार में बैठकर फरार हो जाते हैं। गिरफ्तार आरोपितों में नीरज सहानी, रूपक कुमार सिंह, मुरारी महतो, शैलेंद्र सहानी, रोशन सहानी, व दीनानाथ कुमार महतो निवासी चांद परसा थाना केसरिया जिला पूर्वी चंपारण बिहार के हैं। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपितों को वारंट बी के जरिये पिपराइच से नौतनवा लाने की तैयारी है।

# 540 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**अपराध**

- पुलिस व एसएसवी की संयुक्त टीम को मिली कामयावी
- पकड़ा गया युवक सोनौली कस्वे का रहने वाला

**जासं, सोनौली :** पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने रविवार की देर रात एक युवक को 540 ग्राम गांजा के साथ पकड़ लिया। सोमवार को युवक पर एनडीपीसी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। रात 11 बजे सोनौली पुलिस के उपनिरीक्षक स्वतंत्र सिंह, कांस्टेबल अभय कुमार, हृदयराम यादव, दुर्गेश उपाध्याय व एसएसबी के सहायक कमांडेंट संजय प्रसाद, उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार, कांस्टेबल नीरज यादव, दीपक पतंगया व भारत भूषण दास संयुक्त गश्त पर निकले।

अभी वह एसएसबी रोड पर स्थित एक निजी स्कूल के पास पहुंचे ही थे कि एक युवक नोमेंस लैंड के पिलर संख्या 517/ 23 भारत में प्रवेश करते दिखा। संयुक्त टीम ने उसे पकड़ लिया। उसके पास एक झोला था। जिसमें गांजा बरामद हुआ।

पकड़े गए युवक की पहचान सोनौली कस्बा के गौतम बुद्ध नगर वार्ड निवासी सलीम खान पुत्र शमशेर अली के रूप में हुई। इंस्पेक्टर सोनौली दिनेश कुमार तिवारी ने बताया कि गांजा के साथ पकड़े गए युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

हेतु वाक-इन-इंटरव्यू
जायेगा। विस्तृत जानकारी
www.brdmc.org पर उपल

महराजगंज जागरण

## पीड़ितों के घर पहुंच कर रहीं निस्तारण, पुराने मामलों पर भी रख रहीं नजर

# पीड़ित महिलाओं की हौसला बनीं पुलिस की टोलियां

सच्चिदानंद मिश्र • महराजगंज

महिलाओं से जुड़े अपराधों की तफ्तीश और उसकी विवेचना के साथ-साथ अपराध पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने पहल की है। इसके लिए जिले के थानों पर महिला पुलिसकर्मियों की टोलियों का गठन किया गया है। पुलिस टोली की महिला पुलिसकर्मियों द्वारा न सिर्फ महिला संबंधित अपराध व उत्पीड़न की शिकायतों पर गांवों में जाकर मामलों का निस्तारण कर रहीं हैं, बल्कि पूर्व में अपराध पीड़ित महिलाओं का हाल भी जान रहीं हैं। पुलिस के इस अभियान से जहां महिला अपराधों पर अंकुश लगेगा, वहीं पुलिस की छवि को बेहतर बनाना भी उद्देश्य है।

दरअसल अपराध एवं उत्पीड़न की शिकार हुई अधिकांश महिलाएं दोबारा कोई समस्या होने पर पुलिस के पास आने में संकोच करती हैं। ऐसे में पिछले 17 माह में महिला उत्पीड़न से संबंधित अपराध से पीड़ित सभी मामलों में एक- एक महिला आरक्षी को पीड़ित महिलाओं के घर हालचाल लेने के लिए भेजे जाने की योजना है। योजना के तहत महिला सिपाही पीड़ित से यह जानकारी करने का प्रयास कर रहीं है कि उन्हें फिर से किसी परेशानी का सामना तो नहीं करना पड़ रहा है। अगर कोई समस्या है तो थाना व चौकी प्रभारी उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी देने के साथ ही समाधान कराएंगी। साथ ही साथ थानों पर आने वाले प्रार्थनापत्रों के शिकायतों की जांच के लिए भी महिला सिपाहियों को गांवों में भेजकर सच्चाई जानने का प्रयास किया जा रहा है।

### यहां बनी पुलिस की टोली

नौतनवा थाने में अपराध पीड़ित महिलाओं का हाल-चाल लेने के साथ प्रार्थनापत्रों की जांच के लिए विशेष महिला पुलिसकर्मियों की टोली बनाई गई है। प्रत्येक टोली में एक मुख्य आरक्षी के साथ दो महिला सिपाहियों की तैनाती की गई है। महिला आरक्षी रेनू मिश्रा, सोनी पांडेय, अंतिमा सिंह, कमलेश कुमारी और साजिया खान की टोली ने कुर्थिया, चंडीथान गांव सहित कई गांवों में जाकर महिला संबंधित मामलों का निस्तारण किया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यह व्यवस्था की गई है।

### अपराध पर लगेगा अंकुश महिलाओं को मिलेगा सम्मान

पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि इस अभियान से गांवों की महिलाओं में पुलिस की अलग छवि देखने को मिल रही है। इस अभियान में गांवों की महिलाएं खुलकर पुलिस को अपनी समस्याएं बता रही हैं। इससे वास्तव में महिला अपराध पर जहां अंकुश लगेगा वहीं महिलाओं का सम्मान भी बढ़ेगा।

# थानों में जल्द ही बेहतर होगी नेटवर्क की व्यवस्था : पुलिस अधीक्षक

दैनिक जागरण, 06.07.2021

जागरण संवाददाता, महराजगंजः पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने सोमवार को जिले के 19 थानों के क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क (सीसीटीएनएस) कर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान सीसीटीएनएस परियोजना के संचालन में आ रही समस्याओं की समीक्षा की और समय से एफआइआर सहित अन्य सभी दस्तावेजों को पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए।

**बैठक**

- समय से पोर्टल पर अपलोड करें एफआईआर
- सीसीटीएनएस आपरेटर ने उठाई बिजली की समस्या

साथ ही नेटवर्क की समस्या पर एसपी ने कहा कि जल्द ही सभी थानों में नेटवर्क की समस्या का समाधान करा दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सीसीटीएनएस के कार्य में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि पोर्टल पर समय से एफआर/चार्जशीट, गिरफ्तारी प्रपत्र, एफआइआर, जीडी, चरित्र सत्यापन आदि के कार्य समय से होते रहें। किसी भी हाल में किसी भी थाने पर आइजीआरएस, चरित्र सत्यापन सहित अन्य आनलाइन सेवाएं लंबित न रखी जाएं। बैठक में नौतनवा व निचलौल सर्किल के सीसीटीएनएस कर्मियों ने नेटवर्क की समस्या बताई, जिसपर एसपी ने जल्द ही थानों में नेटवर्क व्यवस्था बेहतर कराने का आश्वासन दिया। सोहगीबरवा के सीसीटीएनएस कर्मी ने बिजली न होने की समस्या बताई, जिसपर एसपी ने त्वरित प्रत्येक माह जनरेटर संचालन कराए जाने का आदेश दिया। बैठक में जिले के सभी थानों के सीसीटीएनएस कर्मी मौजूद रहे।

था
कं
जागरण
पुलिस
सोमवा
क्राइम
(सीसी
बैठक
परियोज
समस्य
से एफ
दस्तावे
करने वे
साथ
एसपी
में नेट
करा दि

# एसपी ने कर्मियों की समस्याएं सुनीं

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक महराजगंज प्रदीप गुप्ता ने सोमवार की शाम 5 बजे पुलिस कार्यालय स्थित तथागत सभागार में जिले के समस्त थानों पर नियुक्त सीसीटीएनएस कर्मियों के साथ बैठकर उनके कार्यों की समीक्षा की। सीसीटीएनएस के कार्य में सुधार के लिए एसपी द्वारा निर्देशित किया गया। एसपी ने कहा कि सीसीटीएनएस परियोजना में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए डिस्ट्रिक्ट टीम का भी गठन किया गया है। संवाद

# जांची गई पुलिस कर्मियों की सेहत

**महराजगंज।** पुलिस लाइन सभागार में सोमवार को स्वास्थ्य कैंप लगारकर पुलिसकर्मियों व उनके परिवार वालों कुल 57 के सेहत की जांच की गई। साथ ही डॉक्टर द्वारा सेहतमंद रहने का तरीका बताया गया।

सदर सीएचसी अधीक्षक डॉ. केपी सिंह ने बताया कि हर माह पुलिस लाइन में कैंप के माध्यम से पुलिस कर्मचारियों के सेहत की जांच की जाती है। सोमवार को डॉ. रविशंकर व फार्मासिस्ट इम्तेयाज द्वारा कुल 57 पुलिस कर्मचारियों व उनके परिजनों के सेहत की जांच की गई। साथ ही जरूरी दवाओं का वितरण किया गया। डॉक्टर द्वारा पुलिस कर्मचारियों को स्वस्थ्य रहने के लिए जरूरी सलाह भी दिए गए। इसी क्रम में सदर सीएचसी को पांच ऑक्सीजन कंसंट्रेटर दिया गया। अधीक्षक ने बताया कि सीएचसी पर बुनियादी सुविधाओं को बेहतर

**डॉक्टर द्वारा सेहतमंद रहने का तरीका बताया गया**

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-07-2021

# स्मृति में किया गया पौधरोपण

**रूधौली।** कोरोना काल में असमय काल के गाल में समा गए हेड कांस्टेबल राम नरेश पासवान के पिता स्व. हरिवंश पासवन व रविंद्र नाथ यादव के चाचा स्व. रामसमुझ यादव की स्मृति में सोमवार को सीओ धनंजय सिंह कुशवाहा व प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र ने रुधौली थाना परिसर में फलदार पौधा लगाया।

# मारपीट में मुकदमा दर्ज

छावनी। बीते शुक्रवार को रामजानकी मार्ग पर आटो चालक द्वारा कार में रगड़ मार देने से नाराज मनबढ़ों ने उसकी पिटाई कर दी। घटना में गंभीर रूप से घायल ध्रुव श्रीवास्तव की पत्नी पूजा श्रीवास्तव निवासी ग्राम सांडपुर थाना दुबौलिया की तहरीर पर छावनी पुलिस ने अरुण सिंह व दुर्विजय सिंह निवासी विशुनदासपुर थाना दुबौलिया के खिलाफ मारपीट व जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया है।

# शांतिभंग की आशंका में पुलिस ने किया चालान

**विक्रमजोत।** छावनी थाना क्षेत्र के विक्रमजोत कस्बे में प्रधान स्तर से सड़क पर मिट्टी पटवाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। न मानने पर एक पक्ष के राजेश कसौधन और उनके दो साथी तथा दूसरे पक्ष के दुर्गा प्रसाद व उनके दो साथियों को हिरासत में लेकर थाने ले आई।

# मारपीट में वांछित छह आरोपित गिरफ्तार

**पैकोलिया।** थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया दुर्वासा में तीस जून को हुए बलवा और मारपीट के मामले में पुलिस ने सोमवार को लालपुर चौराहे से गंगाराम, शिवकुमार, लवकुश, अजय, विजय व गंगाराम निवासी मिश्रौलिया दुर्वासा को गिरफ्तार कर जेलभेज दिया। वहीं वाल्टरगंज पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी एक बाल अपचारी को पकड़ा है।

# नशीले पाउडर व गोलियों के साथ एक गिरफ्तार

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने नशीले पाउडर व गोलियों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार चौकी प्रभारी बड़ेवन जनार्दन प्रसाद की टीम ने शिव कुमार उर्फ बब्बू यादव निवासी नरायनपुर थाना दुबौलिया के कब्जे से 100 ग्राम नशीला पाउडर व 20 गोली नशीली अल्फा जोलम टैबलेट बरामद की है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही की गई है। टीम में उनके साथ एसआई नरायन लाल श्रीवास्तव, कांस्टेबल हरिप्रकाश व अजय यादव शामिल रहे। वहीं कप्तानगंज पुलिस ने राधेश्याम निवासी नरायनपुर थाना नगर के कब्जे से चरस बरामद की है। उसके खिलाफ भी एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही की गई।

# बाल संरक्षण को लेकर हुई कार्यशाला

- पॉक्सो एक्ट, मानव तस्करी समेत विभिन्न मुद्दों पर दी गई जानकारी
- रेंज के सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी हुए शामिल

बस्ती | निज संवाददाता

पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र अनिल कुमार राय व एसपी आशीष श्रीवास्तव की मौजूदगी में सोमवार को पुलिस के प्रेक्षागृह में मंडलीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल संरक्षण के साथ पॉक्सो अधिनियम, मानव तस्करी रोकथाम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर यूनिसेफ ने विभिन्न जानकारियों को साझा किया। पुलिस स्तर पर की जाने कार्यवाही के साथ ही बचाव के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। संचालन यूनिसेफ की मण्डलीय सलाहकार रिजवाना परवीन ने किया।

कार्यशाला में यूनिसेफ प्रशिक्षित प्रशिक्षक डॉ. श्रीकुमार स्कन्द पाण्डेय, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ परिक्षेत्र स्तर के समस्त थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों से सीधे रूबरू हुए। बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर में स्थित मानव तस्करी रोकथाम इकाई में नियुक्त पुलिस कर्मियों संग प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई में नियुक्त पुलिस कर्मियों को विभिन्न अधिनियमों के प्रयोग से संबंधित जानकारी दी। उदाहरण देकर भी ऐसे प्रकरणों में उठाए जाने वाले कदमों के बारे में जानकारी दी। एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सीओ सिटी आलोक प्रसाद, सीओ कलवारी शक्ति सिंह, सीओ रुधौली धनन्जय सिंह कुशवाहा, प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू/एसजेपीयू सुरेन्द्र कुमार यादव, एपीओ मसेन्द्र प्रसाद चौहान, चाइल्ड लाइन के रामललित यादव के साथ स्वास्थ्य विभाग के लोग भी मौजूद रहे।



पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में सोमवार को आयोजित रेंज स्तरीय कार्यशाला में उपस्थित आईजी अनिल कुमार राय, एसपी आशीष श्रीवास्तव व अन्य। • हिन्दुस्तान

# पैकोलिया व कलवारी में तीन जिलाबदर गिरफ्तार

बस्ती। पैकोलिया व कलवारी पुलिस ने जिला मजिस्ट्रेट स्तर से छह माह के लिए जिलाबदर घोषित किए गए तीन ऐसे आरोपितों को पकड़ा, जो आदेश का उल्लंघन कर जिले में ही रह रहे थे। सभी के खिलाफ 10 उप्र गुंडा निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस कार्यालय के अनुसार पैकोलिया पुलिस ने जिला संदीप निवासी पुरा पैकोलिया थाना पैकोलिया को उसके घर से ही पकड़ा। इसी तरह कलवारी पुलिस ने जिलाबदर मजनू व सबलू निवासी महुआपार कला को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। कलवारी पुलिस ने छह व पुरानी बस्ती पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

**नगर थाना क्षेत्र के मैनहिया के पास सोमवार में भोर पुलिस ने की घेराबंदी, श्याम सुंदर पर था 25 हजार का इनाम**

# मुठभेड़ में इनामी बदमाश को लगी गोली, सिपाही घायल

**कप्तानगंज/नगर बाजार | हिन्दुस्तान टीम**

बस्ती के नगर थाना क्षेत्र के मैनहिया में सोमवार की भोर में लूटकांड में वांछित बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। घेराबंदी के दौरान भाग रहे बदमाश ने फायरिंग कर दी, जिससे सिपाही प्रशांत पांडेय घायल हो गए। जवाबी कारवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने वताया कि नगर थाना क्षेत्र के नरायनपुर का रहने वाला श्याम सुंदर शातिर बदमाश है। कप्तानगंज में आशा बहू के साथ लूट समेत अन्य वारदातों में वांछित चल रहा था। सोमवार की भोर में मुखबिर की सूचना पर नगर, कप्तानगंज थाना पुलिस के साथ एंटी थेफ्ट व्हीकल टीम ने मैनहिया के पास घेराबंदी की। बाइक से गुजर रहे बदमाश की नजर पुलिस टीम पर पड़ी तो भागने लगा। पीछा करने पर कट्टे से फायरिंग कर दी। इसमें कप्तानगंज थाने के आरक्षी प्रशांत पांडेय का दाहिना हाथ जख्मी हो गया।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के दाहिने पैर में लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से बिना नम्बर प्लेट की एक बाइक, एक तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए हैं। उसके खिलाफ



जिला अस्पताल में घायल बदमाश श्याम सुंदर से पूछताछ करने पहुंचे एसपी आशीष श्रीवास्तव।

पुलिस टीम पर फायरिंग समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके अलावा जिले के 'अलग-अलग थानों में करीब डेढ़ दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

**तीन अप्रैल को सीएचसी कप्तानगंज में की थी लूट:** एसपी ने बताया कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कप्तानगंज में तीन अप्रैल 2021 को आशा बहू से लूट करने के बाद से ही पुलिस टीमें बदमाश श्यामसुंदर के पीछे पड़ गई थीं। पूछताछ में आरोपी श्यामसुंदर ने बताया कि 3 अप्रैल को पिंटू शुक्ला निवासी थाना दुबौलिया जनपद बस्ती के साथ मिलकर सीएचसी कप्तानगंज में आशा बहू से लूट की वारदात को अंजाम दिया था। आशा बहू से लूटे गए गए बैग से दस हजार रुपये, एक टूटा-लॉकिट व कुछ कागजात मिले थे। लॉकिट साथी पिंटू शुक्ला को दे दिया था, जबकि रुपये खुद रख लिए थे। बैग व कागजात कुआनो नदी में फेंक दिया था।

## दुबौलिया व कलवारी थाने का है गैंगस्टर

एसपी ने बताया कि श्यामसुदर जरायम की दुनिया में 2010 से ही सक्रिय है। 2010 में उसके खिलाफ लालगज थाने में लूट का पहला मुकदमा दर्ज हुआ था। दुबौलिया व कलवारी थाने के गैंगस्टर श्याम सुदर के खिलाफ हत्या के प्रयास, रंगदारी, चोरी माल की बरामदगी समेत विभिन्न धाराओं में कुल 18 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। जिले के नगर, दुबौलिया के अलावा कलवारी व कप्तानगज थाने में वारदात को अंजाम दे चुका है। पूछताछ कर अन्य वारदात के बारे में भी छानबीन हो रही है।

## चोरी की बाइक का करता था वारदात में इस्तेमाल

एसपी ने बताया कि वांटेड बदमाश श्यामसुंदर आपराधिक वारदातों में चोरी की बाइक का ही प्रयोग करता था। मुठभेड के दौरान उसके कब्जे से बरामद बाइक भी चोरी की है। पूछताछ में उसने कबूल किया कि उसने सितंबर 2018 में बस्ती शहर के बार एसोसिएशन के बाहर से बाइक चुराई थी।



मुठभेड़ में घायल सिपाही प्रशांत पांडेय।

## बदमाश को पकड़ने में इस टीम को मिली सफलता

इनामिया श्यामसुंदर को पकडने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नगर अरविन्द कुमार कोरी, प्रभारी निरीक्षक कप्तानगज बृजेश सिह, प्रभारी एंटी व्हीकल थेप्ट गजेन्द्र प्रताप सिह, एसएसआई नगर सतोष कुमार सिह, एसआई शशिशेखर सिह, कप्तानगंज एसआई अनस अख्तर, कास्टेबल प्रशान्त पाण्डेय, अभय सिह, कास्टेबल रामसुरेश यादव, राकेश यादव, महेन्द्र कुमार यादव, एसओजी के अजय यादव शामिल रहे।

## पैकोलिया व कलवारी में तीन जिलाबदर गिरफ्तार

बस्ती। पैकोलिया व कलवारी पुलिस ने जिला मजिस्ट्रेट स्तर से छह माह के लिए जिलाबदर घोषित किए गए तीन ऐसे आरोपितों को पकड़ा, जो आदेश का उल्लंघन कर जिले में ही रह रहे थे। सभी के खिलाफ 10 उप्र गुंडा निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस कार्यालय के अनुसार पैकोलिया पुलिस ने जिला संदीप निवासी पुरा पैकोलिया थाना पैकोलिया को उसके घर से ही पकड़ा। इसी तरह कलवारी पुलिस ने जिलाबदर मजनू व सबलू निवासी महुआपार कला को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। कलवारी पुलिस ने छह व पुरानी बस्ती पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

# बस्ती में मुठभेड़ में इनामी बदमाश जख्मी

**बस्ती ।** बस्ती के नगर थाना क्षेत्र के मैनहिया में सोमवार भोर में लूटकांड में वांछित बदमाश श्याम सुंदर को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान बदमाश की फायरिंग से एक सिपाही घायल हो गया, जबकि पुलिस की फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी।

पेज 02

# हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार

रुधौली। क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर को रुधौली पुलिस ने पुरैना के पास से चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रजवन्त सिंह निवासी नटाई कला थाना रुधौली को गिरफ्तार किया गया। आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। आरोपी के खिलाफ हर्रैया और रुधौली थाने में आधा दर्जन मुकदमा दर्ज है।

# नशीला पावडर व नशे की गोलियां के साथ गिरफ्तार

**बस्ती:** कोतवाली पुलिस ने 100 ग्राम नशीला पाउडर व नशे के लिए प्रयोग की जाने वाली 20 गोलियों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनोज कुमार त्रिपाठी व उनकी टीम ने शिवकुमार उर्फ बब्बू यादव निवासी नरायनपुर थाना दुबौलिया जनपद बस्ती को नशीला पाउडर व अल्प्राजोलाम टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं.)

# गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में छह गिरफ्तार

**जासं, पैकोलिया :** पैकोलिया थानाक्षेत्र के मिश्रौलिया दुर्वासा गांव में हुए मारपीट व गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में पैकोलिया पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। राजीव कुमार निवासी मिश्रौलिया दुर्वासा ने आरोप लगाया था कि 30 जून को गांव के कुछ लोगों ने उन्हें मारा पीटा। जब वह जान बचाकर घर भागा तो हमलावरों ने उन्हें घर में घुसकर मारा पीटा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। मामले में पुलिस ने कुल 21 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार की सुबह उप निरीक्षक नंदकिशोर यादव और उनकी टीम ने गुलशन, अजय, लवकुश, गंगाराम, विजय निवासी मिश्रौलिया दुर्वासा और शिवकुमार निवासी सवरूपुर को लालपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

# रोक के बाद भी दुकान खोलने पर मुकदमा

**बस्ती:** छावनी थाना क्षेत्र के विक्रमजोत कस्बे में शनिवार को कोरोना के कारण साप्ताहिक बंदी के बावजूद दुकान खोलने पर पुलिस ने चौकी प्रभारी विक्रमजोत मनीष कुमार जायसवाल की तहरीर दो दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दुकानदार संतोष कुमार व अयोध्या प्रसाद निवासीगण विक्रमजोत के विरुद्ध भादवि व आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं.)

# महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण पर जोर

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** पुलिस लाइन बस्ती के सभागार में सोमवार को मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें महिला एवं बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण पर जोर दिया गया। महिला और बच्चों की सुरक्षा में पुलिस की भूमिका को लेकर कार्यशाला में विस्तार से चर्चा की गई।

अध्यक्षता कर रहे पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र अनिल कुमार राय ने किशोर न्याय अधिनियम 2015, पाक्सो अधिनियम 2012, बाल विवाह, मानव तस्करी आदि विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि महिला और बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस गंभीर हैं। महिला संबंधी अपराधों में तत्काल कार्रवाई की जा रही है। पुलिस कर्मियों को बच्चों और महिलाओं के संरक्षण संबंधी कानूनों का विधिवत अध्ययन करने की सलाह देते हुए कहा कि पुलिस की छवि को जिम्मेदार के रूप में पेश किए जाने की जरूरत है। बाल



पुलिस लाइन सभागार में गोष्ठी को संबोधित करते आइजी अनिल कुमार राय साथ में एसपी आशीष श्रीवास्तव ● सौ.पुलिस विभाग

कल्याण पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे बच्चों से बातचीत करते समय वर्दी में न रहें।

पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि यह कार्यशाला पुलिस कर्मियों के लिए ज्ञानवर्धक साबित होगी।

कार्यशाला में दी गई जानकारियां बच्चों और महिलाओं से संबंधित अपराध की विवेचना में सहायक होंगी। यूनीसेफ केए पांडेय ने किशोर न्याय अधिनियम, पाक्सो एक्ट के तहत होने वाली कार्रवाई और सजा के प्रावधानों की जानकारी दी।

# जिला बदर दो युवक चाकू के साथ गिरफ्तार

**बस्ती :** कलवारी पुलिस ने गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध चाकू बरामद किया है। थानाध्यक्ष कलवारी अरविंद कुमार शाही और उनकी टीम ने जिला बदर किए गए मजनू व सबलू निवासी महुआपार कला थाना कलवारी जनपद बस्ती को दो चाकू के साथ गंगापुर पुल के पास गिरफ्तार किया गया।गुंडा एक्ट के साथ ही आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। • जागरण

# देसी तमंचा के साथ थाने का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**बस्ती :** रुधौली पुलिस द्वारा आपरेशन तमंचा अभियान के तहत थाने के हिस्ट्रीशीटर को 12 बोर तमंचा व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक रुधौली शिवाकांत मिश्र ने पुरैना गांव के पास वाहन चेकिंग के दौरान नटाई कला गांव निवासी रजवंत सिंह को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी तमंचा व दो कारतूस बरामद किया गया। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। ● जागरण

# पुलिस मुठभेड़ में इनामी बदमाश घायल



मुठभेड़ में घायल बदमाश व सिपाही को देखने जिला अस्पताल पहुंचे पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ● जागरण



घायल सिपाही प्रशांत पांडेय ● जागरण



जिला अस्पताल में भर्ती पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश श्यामसुंदर ● जागरण

## कार्रवाई

- नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है बदमाश, दर्ज है 18 मुकदमे
- सिपाही प्रशांत के हाथ को छूते निकल गई गोली

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** नगर थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर और 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को पुलिस ने सोमवार की भोर में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान उसके दाहिने पैर में गोली लगी है। वहीं बदमाश की ओर से चलाई गई गोली कप्तानगंज थाने के एक सिपाही के दाहिने हाथ को छूते हुए निकल गई। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी ने अस्पताल पहुंचकर बदमाश से पूछताछ की।

प्रभारी निरीक्षक नगर अरविंद कुमार कोरी, प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज बृजेश सिंह व प्रभारी एंटी वेहिकल थेफ्ट टीम गजेंद्र सिंह की संयुक्त टीम ने एक सूचना के आधार पर कप्तानगंज थाना क्षेत्र में लूट के मामले में वांछित व इनामी बदमाश श्यामसुंदर निवासी नरायनपुर थाना नगर जनपद बस्ती को कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मैनहिया मोड़ पर भोर में घेर लिया। पुलिस का आरोप है कि बाइक सवार श्याम सुंदर ने पुलिस टीम पर फायरिंग किया, गोली सिपाही प्रशांत पांडेय के दाहिने हाथ को छूते हुए निकल गई। पुलिस की ओर से जवाबी कार्रवाई में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसके पास से एक बाइक बिना नंबर प्लेट की, एक देसी तमंचा, दो कारतूस बरामद हुआ। आरोपित के विरुद्ध पुलिस टीम पर फायरिंग व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पूछताछ में श्यामसुंदर ने बताया कि बरामद बाइक चोरी की है, जिसे उसने सितंबर 2018 में बस्ती बार-एसोसिएशन के बाहर से चुराया था।

# मोटर चुराते दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**महराजगंज।** हरैंया थाना क्षेत्र के भैंसा चौबे गांव में रविवार की रात मोटर चोरी करने का प्रयास कर रहे दो युवकों को ग्रामीण ने पकड़ लिया। दोनों को बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया। हरैंया थाना क्षेत्र के भैंसा गांव में रविवार की रात तकरीबन 12 बजे बाइक सवार दो युवक गांव के सिवान में बिजली का मोटर खोल रहे थे। तभी इसकी भनक ग्रामीणों को लग गई। ग्रामीणों ने घेराबंदी करके दोनों को पकड़ लिया। दोनों के पास दो बिजली के मोटर भी मिले हैं। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को लेकर थाने चली गई। प्रभारी निरीक्षक हरैंया बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी बताया कि मामले में अभी छानबीन की जा रही है। संवाद

# दो का शांति भंग में चालान

**बनकटी।** लालगंज पुलिस ने भद्दीपुरवा निरंजनपुर निवासी रविंद्र कुमार और रमेश कुमार का शांति भंग में चालान किया है। दोनों को पुलिस ने सोमवार को न्यायालय में पेश कर दिया। संवाद

# कुदरहा चौकी पर हुआ पौधरोपण

**कुदरहा।** लालगंज थानांतर्गत आज कुदरहा चौकी पर इंचार्ज शशिकांत की अगुवाई में पौधरोपण किया गया। कुदरहा पुलिस चौकी पर गुलमोहर, पाकड़, अमरूद सहित फलदार और औषधीय पौधे रोपित किए गए।चौकी इंचार्ज शशिकांत की अगुवाई में सभी ने यह प्रण भी किया की सभी लोग पांच-पांच पौधों की जिम्मेदारी लेंगे।

उन्हें बड़े होने तक उनकी देखरेख भी करते रहेंगे। हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, साधु सरन यादव, कांस्टेबल राहुल कुमार, व्यास कुमार सहित सभी आरक्षी मौजूद रहे। संवाद

# मारपीट के मामले में छह आरोपित गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**पैकोलिया।** मिश्रौलिया दुर्वासा गांव में पुरानी रंजिश में हुए दो गुटों में संघर्ष के मामले में पुलिस ने सोमवार को लालपुर पंडित चौराहा से छह को गिरफ्तार कर लिया। मामले में सोलह नामजद और पांच अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

मिश्रौलिया दुर्वासा गांव में बीते तीस जून को पुरानी रंजिश में दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई थी। गांव निवासी राजीव कुमार का आरोप है कि घटना की सूचना पैकोलिया पुलिस को सूचना देकर दोपहर बाद घर पहुंचा, तभी फिर से विपक्षियों ने हमला कर दिया। उनको और उनके भाई को पीटने के साथ ही एक महिला को पीटकर बेहोश कर दिया था। तहरीर पर 16 नामजद और पांच अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में आरोपित मिश्रौलिया दुर्वासा निवासी गुलशन, अजय, विजय, लवकुश, गंगाराम और थाना क्षेत्र के सौरूपुर गांव निवासी शिवकुमार को लालपुर पंडित तिराहे से पकड़ा गया है। सभी किसी वाहन से भागने के फिराक में थे। आरोपितों को न्यायालय भेजा गया है।

# भटकती महिला को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**बस्ती।** छावनी कस्बे में रविवार को अकेले घूमती मिली महिला को पुलिस ने सोमवार को परिजनों को सौंप दिया।

एसओ आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार की शाम को महिला मिली थी। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही थी। महिला गोरखपुर जिले की रहने वाली है। पूछताछ के बाद उसके घर का पता चला और सोमवार को पहुंचे परिजन उसे साथ ले गए। संवाद

# ‘बच्चों से जुड़े अपराध पर सख्ती से करें कार्रवाई’

## पुलिस लाइंस में कार्यशाला में बोले आईजी

संवाद न्यूज एजेंसी



कार्यशाला को संबोधित करते आईजी। संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। पुलिस महानिरीक्षक अनिल कुमार राय ने बच्चों से जुड़े अपराध को रोकने के लिए सख्ती बरतने और तत्परता से कार्रवाई करने के लिए कहा। वह सोमवार को पुलिस लाइंस के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे।

परिक्षेत्र स्तर की बाल संरक्षण, पाक्सो अधिनियम, मानव तस्करी रोकथाम इकाई (एएचटीयू), बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर आयोजित विशेष कार्यशाला का आयोजन यूनिसेफ की ओर से किया गया। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे अपराधों से जुड़े मामलों का त्वरित सूचना देने के लिए लोगों को भी प्रेरित किया जाए। कार्यशाला में यूनिसेफ प्रशिक्षित प्रशिक्षक डॉ. कुमार स्कंद पांडेय, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ की ओर से [illegible] सभी थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों, मानव तस्करी रोकथाम इकाई में नियुक्त पुलिस कर्मियों, प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई में नियुक्त सहकर्मी पुलिस कर्मियों को अधिनियम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यशाला का संचालन यूनिसेफ की मंडलीय सलाहकार रिजवाना परवीन ने किया। प्रशिक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी, क्षेत्राधिकारी सदर आलोक प्रसाद, क्षेत्राधिकारी कलवारी शक्ति सिंह, क्षेत्राधिकारी रुधौली धनंजय सिंह कुशवाहा, प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू और एसजेपीयू सुरेंद्र कुमार यादव, एपीओ मसेंद्र प्रसाद चौहान, चाइल्ड लाइन से रामललित यादव तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में इनामी हिस्ट्री गिरफ्तार, सिपाही भी घ

## नगर थाना क्षेत्र में मेहनिया के पास हुई मुठभेड़, हिस्ट्रीशीटर के

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोटवा/नगर बाजार (बस्ती)।** नगर थाना क्षेत्र में मेहनिया के पास सोमवार की भोर में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने इनामी हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान बदमाश की चलाई गोली सिपाही प्रशांत पांडेय को छूकर निकल गई। फिर पुलिस की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी। उसके बाद उसे घेर कर पकड़ लिया गया।

सिपाही और बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़ा गया बदमाश कप्तानगंज में बीते तीन अप्रैल को आशा से हुई लूट समेत 18 मामलों में वांछित है। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि नगर थाने के ग्राम नरायनपुर निवासी श्याम सुंदर पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। नगर थाने के हिस्ट्रीशीटर श्याम की कई दिनों से तलाश चल रही थी। वह लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहा था। ऐसे में उसकी तलाश के लिए नगर और कप्तानगंज थाने के साथ एंटी थेफ्ट टीम को लगाया गया। सोमवार की भोर में मुखबिर से सूचना मिली कि श्याम की लोकेशन मेहनिया गांव के पास मिल रही है। टीम उसकी तलाश में पहुंची तो वह बाइक से मेहनिया मोड़ के पास मिल गया। उसे रोकने का प्रयास किया गया तो उसने फायर कर दिया। इस पर पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक गोली श्याम के दाहिने पैर में लगी। वहीं, बदमाश की गोली सिपाही प्रशांत पांडेय के दाहिने हाथ को छूकर निकल गई। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्याम के पास से एक बाइक, तमंचा और दो कारतूस बरामद किए गए हैं।



मुठभेड़ में पकड़े गए बदमाश को देखने पहुंचे एसपी। संवाद न्यूज एजेंसी

**कचहरी से चोरी की थी बरामद बाइक :** पूछताछ में श्याम सुंदर ने बताया कि जिस बाइक के साथ वह पकड़ा गया है, वह उसने सितंबर 2018 में बस्ती बार एसोसिएशन के सामने से चोरी की थी। उसके बाद बीते तीन अप्रैल को सीएचसी कप्तानगंज के पास से आशा वर्कर से लूट की। इस वारदात में उसके साथ पिंटू शुक्ला निवासी थाना दुबौलिया भी साथ था। आशा के बैग में दस हजार रुपये, एक टूटा लॉकेट तथा कागजात मिले थे। लाकेट पिंटू

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-07-2021

# पुलिस लाइंस में एसपी ने किया पौधरोपण

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** वन महोत्सव साप्ताहिक कार्यक्रम के परिपेक्ष्य में पुलिस लाइन्स परिसर में पुलिस अधीक्षक राम अभिलाष त्रिपाठी द्वारा पौधरोपण किया गया तथा पौधरोपण के बाद निर्माणाधीन आरक्षी बैरकों का



निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

पौधरोपण के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों एवं जनता के बीच में पर्यावरण के बारे में जागरुकता फैलाने के साथ ही पृथ्वी पर साफ और सुन्दर पर्यावरण के सन्दर्भ में सक्रिय गतिविधियों के लिए लोगों व उनके परिजन को प्रोत्साहित करने हेतु एक सुगम सन्देश दिया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली सिद्धार्थनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के अभिलेखों को देखा तथा त्रुटियों को दुरुस्त करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि थाने पर फरियाद लेकर आने वाले पीड़ितों की समस्याओ को गंभीरतापूर्वक सुने तथा समस्याओं का समाधान कराये।

## मामूली बात को लेकर विवाद, पांच गिरफ्तार

**खेसरहा।** शान्ति व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस ने मामूली बात को लेकर हुए विवाद में थाना क्षेत्र के 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक रामअभिलाष त्रिपाठी के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को प्रभारी निरीक्षक खेसरहा रवीन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के कुड़जा निवासी जितेन्द्र मौर्या पुत्र संतराम मौर्य, असलम पुत्र अनवर, गुड्डू पुत्र निजामुद्दीन, अनिस पुत्र मो. शफीक तथा मजोरा निवासी इमरान पुत्र शाहआलम को अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक सतीश कुमार सिंह, उप निरीक्षक उपेन्द्र राय, ज्ञानचन्द, रामउग्रह प्रसाद,रि.का. अंकित वर्मा शामिल रहे।



सोमवार को पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण करते एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी।

# एसपी ने पुलिस लाइन में किया पौधरोपण, निरीक्षण

सिद्धार्थनगर | **निज संवाददाता**

पुलिस लाइंस परिसर में सोमवार को एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी ने पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि धरा पर हरियाली होगी तो पर्यावरण संतुलन भी बना रहेगा। उन्होंने पुलिस लाइंस का निरीक्षण भी किया।

एसपी ने कहा कि हरियाली के बिना जीवन की कल्पना करना बेमानी है। पर्यावरण असंतुलित होगा तो तमाम प्रकार की दिक्कतें आएंगी। उन्होंने कहा कि हर किसी को पौधे लगाने चाहिए जिससे लोगों को भरपूर ऑक्सीजन मिलता रहे। उन्होंने पुलिस लाइंस में निर्माणाधीन आरक्षी बैरकों व महिला थाना में निर्माणाधीन आरक्षी बैरकों का निरीक्षण किया। अभिलेखों की जांच कर पाई गई त्रुटियों को दुरुस्त करने का प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर :** ढेबरूआ पुलिस ने रविवार की देर शाम एक व्यक्ति को 20 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम विरेंद्र निवासी रामनगर थाना ढेबरूआ है। गिरफतारी टीम में उप निरीक्षक अमित कुमार, सुरेंद्र यादव, रविंद्र यादव शामिल रहे। (जासं)



खेसरहा ब्लाक परिसर में आंवला का पौध रोपित करते खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार पांडेय ( बाएं ) थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ( मध्य में ) ● जागरण




शोहरतगढ़ में पौधारोपण करते एसओ राजेंद्र बहादुर सिंह ( बाएं )

# फर्जी मिला शिक्षिका का प्रमाणपत्र, मुकदमा दर्ज

**जासं, बांसी :** फर्जी शिक्षकों के मिलने का सिलसिला अभी खत्म नहीं हुआ है। बांसी बीआरसी के अधीन एक विद्यालय में नौकरी कर रही एक फर्जी शिक्षिका पर सोमवार को मिश्रौलिया थाना में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच शुरु होने के बाद से शिक्षिका फरार चल रही है। इटावा जनपद के थाना भर्थना के मोहल्ला वृजराज नगर निवासी शिक्षिका प्रिया यादव पुत्री दामोदर सिंह बांसी ब्लाक के ग्राम पंचायत दसिया स्थित प्राथमिक विद्यालय में वर्ष 2018 से ही सहायक अध्यापक पद पर तैनात है। इनके शैक्षिक प्रमाण पत्र को बेसिक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह ने जब सत्यापित कराया तो वह फर्जी मिला। जिसपर खंड शिक्षा अधिकारी सीमा पांडेय को इनके विरुद्ध संबंधित थाने में अभियोग पंजीकृत करने का निर्देश दिया। बीईओ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।



पुलिस लाइन में पौधारोपण करते एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी ( दाएं ) ● जागरण




शोहरतगढ़ ब्लाक परिसर में आंवला लगाते एसडीएम शिवमूर्ति सिंह ( बाएं ) सीओ प्रदीप कुमार यादव ( मध्य में ) ● जागरण



सुदोधन चौकी में पौधारोपण करते प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ( बाएं ) ●

# निर्माण कार्य में लाएं तेजी : एसपी

## पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइंस में किया पौधरोपण

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** एसपी रामअभिलाष त्रिपाठी ने सोमवार को वन महोत्सव के तहत पुलिस लाइंस परिसर में पौधरोपण किया। साथ ही पुलिस लाइंस और महिला थाने के पास निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। कार्य गुणवत्तापूर्ण करने और समय से पूरा करने का निर्देश दिया।

एसपी रामअभिलाष त्रिपाठी पुलिस लाइंस में विभिन्न प्रजातियों के पौधा लगाया। पुलिस कर्मियों एवं जनता को पौधरोपण करने का संदेश दिया।

इसके बाद रिजर्व पुलिस लाइंस में निर्माणाधीन आरक्षी बैरकों तथा महिला थाने में निर्माणाधीन आरक्षी बैरकों का निरीक्षण किया। संबंधित ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके बाद सदर कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अभिलेखों की गहनता से जांच की। त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिया।

कोतवाली पर अपनी समस्या को लेकर पहुंचे फरियादियों से उनके समस्या के संबंध में जानकारी प्राप्त कर जल्द ही निराकरण के लिए आश्वस्त किया गया। थाना परिसर में निर्माणाधीन आरक्षी बैरकों एवं विवेचना कक्ष का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।



**पुलिस लाइंस परिसर में पौधरोपण करते एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी।** *संवाद न्यूज एजेंसी*

## शांतिभंग में दो लोग गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** सदर पुलिस ने शांतिभंग के मामले में सोमवार को चालान कर दिया। कोतवाल सदर केडी सिंह ने बताया कि शांतिभंग के मामले में राजकुमार, रामनरेश निवासी विनैका के खिलाफ कार्रवाई करके चालान कर दिया गया है। *संवाद*

# हेलमेट और सीटबेल्ट की चेकिंग से हादसों में मौतें कम हुईं

## मई माह में 25 की मौत के बाद पुलिस ने बदला चेकिंग का तरीका, जून में हुए हादसों में 17 की गई जान

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** सड़क हादसों में मौतों और गंभीर घायलों की बढ़ती तादाद को रोकने के लिए पुलिस ने चेकिंग का तरीका बदल दिया है। पुलिस ने हेलमेट और सीटबेल्ट की चेकिंग पर जोर दिया, जिसका नतीजा रहा कि जून में मई से कम मौते हुईं। मई में सड़क हादसों में 25 लोगों की जान गई थी तो जून में 17 की मौत हुई।

**मई**

- हादसे - 33
- मौत - 25
- चालान - 3757 वाहनों से 4176300 रुपये जुर्माना

**जून**

- हादसे - 30
- मौत - 17
- चालान - 4989 वाहन से 5534500 रुपये चालान

यातायात नियमों की जानकारी का अभाव और कुछ लोगों द्वारा नियमों की जानबूझकर अनदेखी से सड़क हादसे में मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। जिले में मई में 33 सड़क हादसे हुए और 25 लोगों की जान गई।

एक माह में सड़क हादसों में इजाफा देख पुलिस प्रशासन ने खामियों को ढूंढना शुरू किया। इसके बाद पुलिस ने चेकिंग का तरीका बदल दिया। नए प्रयोग करते हुए केवल हेलमेट, तीन सवारी और सीटबेल्ट पर विशेष ध्यान दिया। चेकिंग में सख्ती हुई तो हादसों में गंभीर घायलों और मरने वालों की संख्या भी कम हो गई।

### 'प्रचार के जरिए रोकेंगे हादसे'

**सिद्धार्थनगर।** बढ़ते हुए सड़क हादसों को रोकने के लिए एआरटीओ की ओर से डिजिटल जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। तहसील और मुख्य चौराहों पर वीडियो के माध्यम से हादसे की तस्वीर दिखाकर उससे बचने के लिए वाहन चालकों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही सड़क पर चलते समय क्या सावधानी बरती जाए, यह भी वीडियो से दिखाएंगे। इसके पीछे शासन का उद्देश्य है कि लोग जब जागरूक होंगे तो हादसे में कमी आएगी। साथ ही लोगों का नियम की जानकारी भी मिल जाएगी। एआरटीओ आशुतोष कुमार शुक्ल ने बताया कि जागरूकता के लिए एलईडी वैन आई है। तहसील मुख्यालय और चौराहों पर जाकर जागरूक करेंगे। *संवाद*

### चेकिंग का तरीका बदला

सड़क हादसों को देखते हुए जिले में चेकिंग का तरीका बदला गया। मई में हादसों में मौतों और गंभीर घायल होने की घटनाओं को देखते हुए अभियान में हेलमेट और सीटबेल्ट की चेकिंग पर विशेष जोर दिया गया। अब लोगों को जागरूक किया जाएगा।

**- प्रदीप कुमार यादव, सीओ शोहरतगढ़ यातायात**

# कर्ज चुकाने से बचने के लिए गढ़ी लूट की कहानी

## शोहरतगढ़ पुलिस की पूछताछ में सामने आया सच

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**शोहरतगढ़।** शोहरतगढ़ थाने की पुलिस उस वक्त परेशान हो गई जब उसे एक व्यक्ति ने लूट की मौखिक सूचना दी। संदेह होने पर पुलिस ने पूछताछ की तो वह टूट गया और बताया कि कर्ज से परेशान हो गया था।

इसलिए उसने लूट की कहानी बना दी। माफीनामा के बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया। ढेबरुआ थानाक्षेत्र के लोहियानगर बढ़नी निवासी मोहम्मद अजहर ने शोहरतगढ़ पुलिस को लूट की मौखिक सूचना दी गई। पुलिस और स्वाट टीम ने मामले की पड़ताल शुरू की तो संदेह हुआ।

इसके बाद वादी से पूछताछ व घटनास्थल का निरीक्षण किया। पूछताछ में मोहम्मद अजहर ने बताया कि कोई लूट की घटना नहीं हुई है। बल्कि उसने कुछ लोगों से 292000 रुपये जमीन विक्रय के लिए लिया था। जिसकी आज रजिस्ट्री होनी थी।

मगर उसने उक्त जमीन पूर्व में ही बेच दी थी। उसके पास लौटाने के लिए रुपये नहीं थे, जिससे वह परेशान हो गया था। ऐसी परिस्थिति में लूट की झूठी सूचना दी था। प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ राजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पूछताछ में लूट की सूचना फर्जी पाई गई। माफीनामा देने के बाद उसे छोड़ दिया गया।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-07-2021


# अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार

**नाथनगर (एसएनबी)।** जिले की स्वाट टीम के साथ मिलकर वाहन चेकिग के दौरान महुली पुलिस ने एक अंतरजनपदीय वाहन चोर को गिरफ्तार कर सोमवार को उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तार वाहन चोर के निशानदेही पर पुलिस ने चार चोरी की बाइकों समेत उसके पास से एक अदद 315 बोर कट्टा और कारतूस भी बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ व एएसपी संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं सीओ धनघटा अंशुमान मिश्र के पर्यवेक्षण में महुली पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान महुली थाना क्षेत्र के ग्राम मझौवा गांव निवासी अंतर्जनपदीय वाहन चोर राजकुमार अग्रहरि पुत्र विरेन्द्र प्रसाद अग्रहरि को संदिग्ध हालत देख उसे गिरफ्तार किया। जामा तलाशीं के दौरान उसके पास से पुलिस ने एक अदद 315 बोर का कट्टा व एक ज़िन्दा कारतूस जैसे ही पुलिस को मिला तो पुलिस के होश उड़ गए। गिरफ्तार चोर के पास मौजूद बाइक को लेकर जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ शुरू की तो पता चला कि वह बाइक भी चोरी की है। उसके पास बाइक का कोई कागजात नहीं है और बाइक का नम्बर प्लेट बदल कर वह बाइक को चला रहा था। पुलिस थाने पर ले जाकर उससे कड़ाई से पूछताछ शुरू किया तो उसने बताया कि मैं आर्थिक लाभ के लिए जिले सहित सीमावर्ती जिलों में भी भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मौका देखकर वाहन चोरी करता हूं और चोरी किए गए वाहनों की नम्बर प्लेट बदल कर सही ग्राहक मिलने के बाद वाहन को बेच देता हूं। गिरफ्तार चोर के निशानदेही पर क्षेत्र में अब्दुलगनी के ईंट-भट्ठे के समीप स्थित सूनसान स्थान पर टीनसेड के बने कमरे में छिपाकर रखी गई तीन अन्य चोरी की बाइकों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। गिरफ्तार अंतर्जनपदीय चोर राजकुमार अग्रहरि के विरूद्ध पुलिस ने आईपीसी की धारा 41/411/413/419/420/467/ 468/471 एवं अवैध शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया। अंतर्जनपदीय चोर की गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, विरेन्द्र सिंह यादव चौकी प्रभारी हरिहरपुर, कां.संदीप यादव व कां. श्याम बहादुर सहित जिले के स्वाट टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक दीपक दूबे, हे.कां.विनोद यादव, हे.का.इन्द्रजीत यादव, का.अनूप कुमार राय, का.मुनीर अहमद, का. रमेश यादव व का. अभिषेक सिंह शामिल रहे।

**जिले की स्वॉट टीम के साथ मिलकर महुली पुलिस ने की गिरफ्तारी**

**चार चोरी की बाइक व कट्टा-कारतूस बरामद**



पुलिस गिरफ्त में अंतरजनपदीय चोर राज कुमार अग्रहरि।

# आधा दर्जन लोगों का काटा चालान

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस ने एसपी डॉक्टर कौस्तुभ के निर्देश पर लगभग आधा दर्जन लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान किया।

पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार एसपी के आदेश और एएसपी संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले की पुलिस ने अपराधियों के धर पकड़ के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तीन और दुधारा पुलिस ने अलग-अलग मामले में तीन आरोपित को दबोचकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई किया। जिसके बाद पुलिस ने सभी आरोपितों को सोमवार को संबंधित न्यायालय प्रस्तुत कर दिया। पुलिस का कहना है कि आगे भी इसको लेकर कार्रवाई की जाएगी।

# वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ के निर्देश पर जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार एसपी के आदेश और एएसपी संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले की पुलिस ने जगह-जगह वाहनों की सघन जांच पड़ताल की। सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग किया।

इस दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 91 वाहनों के स्वामियों से 78 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया। इस दौरान वाहन चालको को हेलमेट, सीटबेल्ट ट्रैफिक नियमों की पालन करने की सख्त हिदायत दी भी दी गई।

# चोरी की चार बाइक, तमंचा व कारतूस के साथ एक दबोचा



बरामद बाइक के साथ पकड़ा गया चोर और पुलिस टीम।

**नाथनगर | हिंदुस्तान संवाद**

जिले की स्वाट और महुली पुलिस की संयुक्त टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी करके एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी तमंचा, जिंदा कारतूस बरामद किया है। निशानदेही पर चार चोरी की बाइक भी बरामद की। उसके खिलाफ दो अलग-अलग धाराओ में मुकदमा दर्ज कर सम्बन्धित न्यायालय भेज दिया है।

थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि एसएसआई प्रमोद कुमार यादव रविवार शाम क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान चौकी प्रभारी हरिहरपुर वीरेंद्र यादव और स्वाट टीम प्रभारी दीपक दुबे भी आ गए। सूचना मिली कि एक शातिर चोर चोरी की बाइक के साथ खड़ा है। सूचना के आधार

छापेमारी की। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा तो उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से एक देशी तमंचा, 315 बोर जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बाइक सम्बन्धित कागजात प्रस्तुत नही कर सका।

कड़ाई से पूछताछ में उसने अपना नाम राजकुमार अग्रहरि पुत्र वीरेंद्र अग्रहरि ग्राम मझौवा एकडंगा बताया। एसओ ने बताया कि शातिर चोर की निशादेही पर अलग -अलग स्थानों पर छिपाकर रखी गई चार चोरी की बाइक को बरामद किया गया। नम्बर प्लेट बदलकर वह बेचने की जुगत में रहे। बरामद बाइक के बारे में पता किया जा रहा है। एसएसआई प्रमोद यादव ने बताया कि शातिर बाइक चोर राजकुमार अग्रहरि के खिलाफ दो अलग -अलग मुकदमा दर्ज कर सम्बन्धित न्यायालय

# शातिर चोर गिरफ्तार, चार मोटरसाइकिलें बरामद

जागरण संवाददाता, महुली, संतकबीर नगर: स्वाट और महुली पुलिस की संयुक्त टीम की दबिश में शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है। चोर के पास तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। इसके अलावा चोर की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की चार मोटरसाइकिलें भी बरामद की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेज दिया है।

महुली थाने के एसएसआइ प्रमोद कुमार यादव रविवार की देर शाम गश्त कर रहे थे। इसी दौरान हरिहरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी वीरेंद्र यादव उनके पास पहुंचे। इसी बीच स्वाट टीम के प्रभारी दीपक दूबे भी पहुंच गए। सूचना मिली कि शातिर चोर हरिहरपुर के राजघाट पुल के पास चोरी की मोटरसाइकिल के साथ खड़ा है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। मांगने पर मोटरसाइकिल का कागजात दिखा नहीं सका। पूछताछ में उसने अपना नाम राजकुमार अग्रहरि पुत्र वीरेंद्र अग्रहरि ग्राम मझौवा एकडंगा का निवासी बताया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखी गई चोरी की चार बाइक बरामद कर ली। वह नंबर प्लेट बदलकर बेचने के प्रयास में था।

दिलीप तिवारी ● जागरण

# जागरण की पंचवटी से कबीर की धरती का हुआ श्रृंगार

## डीएम-एसपी समेत प्रशासनिक अमला और आमजन बने अभियान के साझीदार, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: 'दैनिक जागरण' द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम आगे बढ़ाते हुए हर गांव में पंचवटी लगवाने का अभियान शुरू किया गया है। इस क्रम में सोमवार को डीएम, एसपी के साथ ही जिले का प्रशासनिक अमला भागीदार बनकर सामने आया। आम जनमानस को भी जागरण की पहल पसंद आई और ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने पौधे रोपे।

कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण करने के दौरान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि निष्पक्ष समाचार प्रकाशित करने के साथ ही सामाजिक सरोकारों के प्रति सजगता ही जागरण की विशेष पहचान है। उन्होंने पंचवटी अभियान की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर बताया। डीएम ने जनपद के सभी गांवों में पंचवटी लगवाने के लिए वन विभाग के साथ ही विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कोरोना ने सभी को बता दिया है कि हमें धरती की हरियाली बरकरार रखनी होगी। अभी भी समय है कि हम पेड़ों की कटान पर लगाम कसें और पौधों का रोपण करें। बरगद और पीपल हमें पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन देते हैं। आंवला और बेल को धरती पर अमृत कहा जाता है। जागरण के इस अभियान से सभी को जुटना चाहिए। उन्होंने पीपल, बरगद, आंवला, अशोक और बेल का एक-एक पौधा लगाया। कलेक्ट्रेट परिसर में एसपी डा. कौस्तुभ ने भी डीएम के साथ पंचवटी के पौधों का रोपण किया। उन्होंने कहा कि समय रहते पौधरोपण करके धरती को हरियाली से नहीं भरा गया तो आगे आक्सीजन की समस्या और भी गंभीर होगी। उन्होंने कहा कि सभी को अपने परिवार के सदस्यों की आवश्यकता के लिए पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरण के पंचवटी अभियान की जितनी तारीफ की जाए, वह कम है। कोरोना के इस दौर में हम सभी को धरती का श्रृंगार करके इस महामारी को जड़ से खत्म कर सकते हैं। जो पौधे लगाए जा रहे हैं। उनकी रक्षा भी हम सभी को मिलकर करनी होगी। इस मौके पर अपर उप जिलाधिकारी नवीन चंद्र श्रीवास्तव, विपिन जायसवाल, बालेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। एएसपी संतोष कुमार सिंह ने भी एसपी कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने दैनिक जागरण के पहल की सराहना की। मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने विकास भवन परिसर में पीपल का पौधा लगाया। अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कलेक्टेट परिसर में अशोक और आंवला के पौधे लगाए।



कलेक्ट्रेट परिसर में आंवला का पौधा लगाती डीएम दिव्या मित्तल ( मध्य में ), एसपी डा. कौस्तुभ व वन दारोगा राधेश्याम मिश्र । जागरण



विकास भवन परिसर में पीपल का पौध लगाते सीडीओ अतुल मिश्र, एएसपी संतोष कुमार सिंह , एडीएम मनोज कुमार सिंह● जागरण

**मेंहदावल में भी रही पौधरोपण की धूम** : जागरण के अभियान में सहयोगी बनकर एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी ने तहसील परिसर में पौधारोपण किया। सांथा ब्लाक के लेदवा श्रीपाल में अबरार अहमद के नेतृत्व में पौधे लगाए गए। प्राथमिक विद्यालय सांथा पर रोजगार सेवक मो. अयूब ने पौधारोपण किया। मेंहदावल ब्लाक परिसर में खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह ने पंचवटी लगाई। इसी क्रम में सांथा के बीडीओ सौरभ पांडेय ने पीपल का पौधा लगाया। मेंहदावल थाने में थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह ने आंवला का पौधे लगाया।

सेमरियावां विकास खंड में लोगों ने जागरण के अभियान की प्रशंसा की। सेमरियावां के ग्राम प्रधान अबरार अहमद ने बरगद और पीपल का पौधा लगाते हुए कहा कि समाचार के साथ ही जागरण की समाज के प्रति समर्पण की भावना सराहनीय है। इसी क्रम में बीआरसी, ब्लाक परिसर आदि में भी पौधे लगाए गए।

**पंचवटी अभियान का दूरगामी होगा लाभ: डा. चंद्रभान** :हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. चंद्रभान कहना है कि जागरण का पंचवटी अभियान अनूठा है। इसमें पीपल, पाकड़, बरगद, आंवला और अशोक के पौधे लगाए जा रहे हैं। यह सभी पौधे आक्सीजन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध करवाते हैं। हर गांव में पंचवटी तैयार हो जाएगी तो फिर सांस को लेकर संकट नहीं होगा।

# 59 लोगों से वसूला जुर्माना

संतकबीरनगर। बिना मास्क के घूमने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत सोमवार को पुलिस ने 59 लोगों को पकड़ा। एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि इन लोगों से 8300 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने कहा कि कोरोना का संक्रमण तेजी के साथ फैल रहा है। इससे बचने के लिए मास्क पहनना बेहद जरूरी है। बगैर मास्क के लोग घरों से बाहर न निकले। दो गज की दूरी बनाए रखे और बार-बार हाथ को सैनिटाइज करें। नियमों का पालन करके ही कोरोना की जंग जीती जा सकती है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेंगी। ब्यूरो

59 ल
संतकबीरनगर।
अभियान के तह
एसपी डॉक्टर
जुर्माना वसूल कि
के साथ फैल र
जरूरी है। बगैर
दूरी बनाए रखे
पालन करके ही
वालों के खिला

# तमंचा के साथ चोर गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** महुली और स्वाट की संयुक्त टीम ने सोमवार को शातिर चोर को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से देशी तमंचा, कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की चार बाइक बरामद की।

एसएसआई प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि रविवार शाम को वह क्षेत्र में मौजूद थे। उसी दौरान चौकी प्रभारी हरिहरपुर वीरेंद्र यादव और स्वाट टीम प्रभारी दीपक दुबे भी

## पूछताछ में अलग-अलग जगहों से बाइक चुराने की बात स्वीकारी

## नंबर प्लेट बदल कर चोरी की बाइक को बेचने की कर रहा था कोशिश

पहुंच गए। पुलिस टीम के साथ सूचना के आधार पर शातिर चोर को पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 215 बोर का देशी तमंचा और कारतूस मिला। पूछताछ में पकड़े गए चोर की पहचान राजकुमार अग्रहरि निवासी मझौवा एकडंगा थाना महुली के रूप में हुई। निशादेही पर अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखी गई चोरी की चार बाइक बरामद हुई। पूछताछ में अलग-अलग जगहों से बाइक चुराने की बात स्वीकार की। बाइक के नंबर प्लेट बदलकर वह बेचने की जुगत में था। बरामद बाइक के बारे में पता किया जा रहा है। एसएसआई प्रमोद यादव ने बताया कि शातिर बाइक चोर राजकुमार अग्रहरि के खिलाफ दो अलग- अलग मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया।

# दो साल बाद बेटे को पाकर खुश हुए परिजन

संतकबीरनगर। चित्रकूट जिले का रहने वाला युवक दो साल पहले घर से नाराज होकर निकला और भटकता हुआ दुधारा क्षेत्र में पहुंच गया। संदिग्ध हाल में रविवार को नौवागांव के पास से पुलिस ने उससे पूछताछ की। उसके बाद युवक को थाने ले आई। सूचना पर सोमवार को उसके परिजन थाने पहुंचे। बेटे को पाकर परिजन काफी खुश नजर आए।

एसओ विनय पाठक ने बताया कि क्षेत्र के नौवागांव के पास संदिग्ध हाल में घूमते हुए एक युवक मिला। जिसे पूछताछ के लिए थाने लाया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम विशाल सिंह पुत्र धर्मेंद्र सिंह उर्फ पप्पू सिंह निवासी बरूआ थाना राजापुर जिला चित्रकूट बताया। पूछताछ में बताया कि दो साल पहले घर से नाराज होकर निकला है। पुलिस ने सी प्लान एप्लीकेशन के माध्यम से युवक के गांव के संभ्रांत लोगों से किया गया। उसके घर वालों को सूचना दी गई। युवक के चाचा सुनील सिंह, महेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह सोमवार को थाने पर आए। युवक को उसके परिजनों के

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-07-2021

बाइक चोरी कर पुर्जे बेचते थे आरोपी, चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने 14 बाइक बरामद की

# चार अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार

**खुलासा**

गोण्डा | संवाददाता

**सफलता**

- कई जिलों में बाइक चोरी को अंजाम दे चुके थे शातिर
- निशानदेही पर एक दर्जन से अधिक बाइक बरामद

वाहन चोरी की घटनाओं में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चल रहे अभियान में कोतवाली नगर पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के चार सदस्यों गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की दो बाइक बरामद हुई है। चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने बगिया उपरेहितन पुरवा की झाड़ियों से एक दर्जन बाइक बरामद की है।

नगर पुलिस क्षेत्र गुरुनानक चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। मुखबिर खास ने सूचना दी कि कुष्ठ आश्रम के पास पन्ना लाल होटल तिराहे पर कुछ व्यक्ति चोरी की बाइक के साथ खड़े हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी की और चार आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अदद चोरी की बाइक बरामद की गई। पूछताछ में आरोपितों ने पाण्डेय बगिया उपरेहितन पुरवा की झाड़ियों से विभिन्न स्थानों से चुरायी गयी 12 अदद बाइक व एक अदद बाइक की चेचिस भी बरामद किया गया। नंबर प्लेट बदलकर चोर पकड़े जाने से बचने का प्रयास करते रहे और बाइक के पुर्जे बेचते थे। आसिफ व अरसलान के पास से एक-एक अदद तमंचा व जिन्दा कारतूस भी बरामद हुआ है। साथ में गिरोह के सदस्य अमरनाथ कोरी, रमेश गोस्वामी को पुलिस ने पकड़कर जेल भेजा है।

# पुलिस ने दो बर्खास्त शिक्षकों को पकड़ा

**उमरीबेगमगंज।** फर्जी अभिलेखों के आधार पर नौकरी करने वाले दो बर्खास्त शिक्षकों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता पायी है। सूचना मिली कि दोनों शिक्षक परसपुर एबीएसए कार्यालय के पास घूम रहे हैं। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष करूणाकर पांडे ने टीम के साथ दोनों शिक्षकों को परसपुर व बेलसर बाजार बस स्टैंड के पास पहुंच कर दबोच लिया। बीईओ परसपुर ने इन शिक्षकों के ऊपर स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया था लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी।



सोमवार को पुलिस सभागार में आरोपी शिक्षकों के साथ एसपी • हिन्दुस्तान

परसपुर शिक्षा क्षेत्र के प्राइमरी स्कूल चंगेरी में तैनात रहे शिक्षक श्रीधर व प्राइमरी स्कूल बनुआ में तैनात रहे शिक्षक श्रीराम का टीईटी प्रमाण पत्र फर्जी पाए जाने पर तत्कालीन बीएसए ने इन शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया था। जिसके बाद बीईओ दिनेश कुमार मौर्य ने स्थानीय थाने में बर्खास्त शिक्षकों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। एक आरोपी गोरखपुर व दूसरा हरदोई जिले का है। टीम में थानाध्यक्ष के साथ एसआई चन्द्रभूषण पाण्डेय, अंकुर वर्मा आदि रहे।

CS Scanned with CamScanner

# प्रभारी निरीक्षक ने पौधरोपण किया

**वजीरगंज।** वृक्ष मानव जीवन के लिये हर तरह से उपयोगी हैं, लेकिन लोग अपने स्वार्थ सिद्धि में समझ नहीं पा रहे थे। यह अनुपयोगी गैस को शोषित करके प्रचुर मात्रा में ऑक्सीजन प्राण वायु छोड़ते हैं। यह बातें प्रभारी निरीक्षक केके राणा ने पौधरोपण के दौरान कही।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक अखिलेश यादव उपनिरीक्षक दिलीप सिंह, दिनेश राय, राजेश कनौजिया व कांस्टेबल विशाल गौतम, रामकिशुन यादव, अनुज वर्मा, गगनचंद्र यादव, चंदन मिश्रा ने थाना परिसर में बरगद, पीपल, पाकड़ व अशोक का पौध रोपित करके परिसर को हराभरा करने का संकल्प लिया।

# असलहा दिखाना पड़ा भारी, धराया

**उमरीबेगमगंज।** सोशल मीडिया पर थाना उमरीबेगमगंज क्षेत्र के एक व्यक्ति के अवैध असलहे का प्रदर्शन करने का फोटो वायरल हुआ था। व्यक्ति लोगों के बीच में बैठकर रौब जमाने के लिए असलहा का प्रदर्शन करता हुआ दिखाई दे रहा है। वायरल फोटो का संज्ञान लेते हुए एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने थानाध्यक्ष उमरीबेगमगंज को कार्रवाई कर आरोपी की अतिशीघ्र गिरफ्तारी करने और उस अवैध असलहा को बरामद करने के लिए निर्देश दिए थे।

थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने अवैध असलहा का प्रदर्शन करने वाले आरोपी संतोष कुमार वर्मा को मुखबिर की सूचना पर ग्राम जगतपुर रोड स्थित एक टॉवर के पास से गिरफ्तार कर उसके पास से एक अदद तमंचा 12 बोर, दो अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया है। आरोपी ने बताया कि लोगों के बीच में बैठकर रौब जमाने के उद्देश्य से अवैध असलहे का प्रर्दशन किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेजा है।

## सिपाही सम्मानित

हलधरमऊ : बालपुर पुलिस चौकी के सिपाही जागेश्वर गौड़ को बेस्ट पुलिसिंग अवार्ड मिला है। चौकी प्रभारी महिमानाथ उपाध्याय ने बताया कि बेहतर कार्यों को लेकर एसपी ने प्रशस्ति पत्र दिया है। अनुज अवस्थी, राजेंद्र मोदनवाल, राजेश, शिवम, अमर यादव ने हर्ष व्यक्त किया है। (संसू)

## पकड़े गए सात आरोपित

धानेपुर : देर रात गैर जनपद की पुलिस ने दो गांवों में छापा मारा। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि सात लोगों को हिरासत में लिया गया। जिन लोगों को पुलिस ले गई उनके विरुद्ध उक्त जिलों में लूट, चोरी व राहजनी के मुकदमे हैं। उन्होंने बताया कि घटनाओं को अंजाम देकर आरोपित छिप जाते थे। (संसू)

## पिता की तहरीर पर मुकदमा

धानेपुर : नौवागांव निवासी हसमत अली ने मुकदमा कराया है। कहा कि उनकी लड़की की शादी गांव के ही मोहम्मद शरीफ के साथ 10 वर्ष पूर्व हुई थी लेकिन, तीन वर्षों से खर्चा नहीं दिया जा रहा है। परेशान किया जाता है। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि मुकदमा करके जांच की जा रही है। (संसू)

## एक नजर में

# नशीली गोलियों के साथ पकड़ा

बालेश्वरगंज : पुलिस ने वजीरगंज कस्बा निवासी जुम्मन मजहबी को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक केके राणा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कस्बे के झिलाही मोड़ पर पुलिस टीम पहुंची। संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े युवक को रोका। उकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 336 नशीली गोली बरामद हुई। (संसू)

CS Scanned with CamScanner

# अंतर जनपदीय चोर गिरोह के चार लोग गिरफ्तार, 14 बाइक बरामद

संसू, गोंडा : नगर कोतवाली पुलिस ने अंतर जनपदीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी की 14 मोटरसाइकिलें व एक बाइक की चेचिस सहित अन्य सामान बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि नगर कोतवाली के उपनिरीक्षक नागेश्वरनाथ पटेल टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच उन्हें सूचना मिली कि बहराइच रोड स्थित कुष्ठ आश्रम के पास संदिग्ध लोग खड़े हैं। पुलिस टीम ने वहां से चार लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि उनके पास मौजूद दो मोटरसाइकिलें चोरी की हैं। इस पर पुलिस टीम को और संदेह हुआ तो कड़ाई से पूछताछ की गई। इस पर पकड़े गए लोगों ने बताया कि पांडेय बगिया उपरेहतनपुरवा की झाड़ियों में चोरी की 12 मोटरसाइकिलें व एक मोटरसाइकिल की चेचिस रखी है। पुलिस टीम ने वहां से भी बाइकों को बरामद कर लिया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए लोगों में देहात कोतवाली के सिसऊर अंदूपुर निवासी अमरनाथ, जिगरगंज तोपखाना निवासी आरिफ, धनौली गांव निवासी रमेश गोस्वामी व न्यू कॉलोनी मेवातियान निवासी अरसलान खान उर्फ शालू शामिल हैं। ये लोग जिले के विभिन्न स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करते थे। उनका नंबर प्लेट बदल देते थे। मोटरसाइकिल के पुर्जे निकालकर बेचते थे। इनके पास से एक अवैध तमंचा, कारतूस भी बरामद किया गया है।



बाइक चोरी गिरोह के बारे में जानकारी देते एसपी संतोष कुमार मिश्र • जागरण

## फर्जी अभिलेख से शिक्षक की नौकरी पाने वाले दो गिरफ्तार

संसू, उमरीबेगमगंज : फर्जी अभिलेख लगाकर नौकरी करने वाले दो शिक्षकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। परसपुर के प्राइमरी स्कूल चंगेरी में तैनात रहे शिक्षक श्रीधर व प्राइमरी स्कूल बनुआ में तैनात रहे शिक्षक श्रीराम का टीईटीप्रमाण पत्र फर्जी पाया गया था। बीएसए ने इन शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया था। खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार मौर्य ने बीते तीन अप्रैल थाने में दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा कराया था। पुलिस टीम गोरखपुर जिला गई। थाना कैंट के रानीडीहा निवासी श्रीराम यादव व हरदोई के मल्लाव बेरियानजीरपुर निवासी श्रीधर को गिरफ्तार कर लिया।

Scanned with CamScanner

# वाहन चोर पकड़े, 14 बाइकें बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। पुलिस ने अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के चार सदस्यों को रविवार की रात शहर के बहराइच रोड स्थित पन्ना होटल तिराहे के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से दो बाइक, 12 बोर का तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने और 12 बाइक बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### 14 बाइक के अलावा एक चेचिस, तमंचा व कारतूस बरामद

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जिले में हो रही बाइक चोरी के खुलासे के लिए सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए गए थे। एसपी के मुताबिक, कोतवाली नगर के उपनिरीक्षक नागेश्वर नाथ पटेल रविवार की रात शहर के गुरुनानक चौक पर चेकिंग कर रहे थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि बहराइच रोड स्थित कुष्ट सेवा आश्रम के पास पन्ना होटल तिराहे पर कुछ लोग चोरी की बाइक के साथ खड़े हैं। पुलिस ने घेराबंदी करके चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी की दो बाइक बरामद हुई।

पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने नाम अमरनाथ निवासी सिसौर अन्दूपुर विशुनपुर बैरिया कोतवाली देहात, आरिफ निवासी जिगरगंज तोपखाना कोतवाली नगर, रमेश गोस्वामी निवासी धनौली कोतवाली नगर व अरसलान खान उर्फ शालू निवासी न्यू कालोनी मेवातियान कोतवाली नगर बताया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के पास से 12 बोर का एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। आरोपियों ने बताया कि पांडेय बगिया उपरेहितन पुरवा की झाड़ियों में चोरी की गई और 12 बाइकें व एक बाइक की चेचिस छिपा रखी हैं। एसपी के मुताबिक अभियुक्तों ने बताया कि विभिन्न जनपदों के अलग-अलग स्थानों से उनके गिरोह के सदस्य बाइकें चुराकर उनके नंबर प्लेट बदलकर और उनके पार्ट्स अलग करके बेचते हैं।

Scanned with CamScanner

# दो इनामी बर्खास्त शिक्षक गिरफ्तार

रगड़गंज (गोंडा)। फर्जी टीईटी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने वाले 25 हजार के इनामी दो बर्खास्त शिक्षकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोमवार को स्थानीय पुलिस ने दो बर्खास्त शिक्षकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। परसपुर शिक्षा क्षेत्र के प्राइमरी स्कूल चंगेरी में तैनात रहे शिक्षक श्रीधर व प्राइमरी स्कूल बनुआ में शिक्षक श्रीराम का टीईटी प्रमाण पत्र फर्जी पाये जाने पर तत्कालीन बीएसए ने बर्खास्त कर दिया था। खंड शिक्षा अधिकारी परसपुर दिनेश कुमार मौर्य ने तीन अप्रैल को मुकदमा दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने बताया कि पुलिस ने गोरखपुर के थाना कैंट रानीडीहा निवासी श्रीराम यादव व हरदोई के मल्लाव अंतर्गत बेरियानजीर पुर निवासी श्रीधर को गिरफ्तार किया। संवाद

# तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार



रगड़गंज (गोंडा)। सोशल मीडिया पर अवैध असलहे के साथ फोटो डालना एक युवक को महंगा पड़ा। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने बताया कि परसपुर थाना क्षेत्र के नीरपुर ख्याला निवासी संतोष वर्मा ने सोशल मीडिया पर अवैध तमंचे के साथ फोटो डाली थी। युवक की पहचान करने के बाद उसे जगतपुर में टावर के पास से गिरफ्तार किया गया हैं। पूछताछ में युवक ने बताया कि अवैध तमंचा थाना परसपुर क्षेत्र के भूलू के यहां से लाया था। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के पास से एक 12 बोर अवैध तमंचा व 2 कारतूस बरामद किया है। (संवाद)

CS Scanned with CamScanner

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-07-2021

# 42 स्मार्टफोन बरामद कर स्वामियों को सौंपा

**सफलता**

**बलरामपुर | संवाददाता**

सर्विलांस टीम ने 42 अदद स्मार्टफोन बरामद किए हैं। बरामद स्मार्टफोन की अनुमानित कीमत पांच लाख रुपए बताई गई है। बरामद मोबाइल को पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल गोंडा ने मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किया।

पुलिस महानिरीक्षक डा. राकेश सिंह ने बताया कि जनपद के सभी थानों से मोबाइल गुमशुदगी का प्रार्थना पत्र मिल रहा था। जिसके निस्तारण के लिए पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल को निर्देशित किया गया था। एसपी श्री कुटियाल ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा तथा क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा को गुमशुदगी मोबाइल के शिकायत के निस्तारण की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा के नेतृत्व में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए बराबर सघन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। बताया कि क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा ने सर्विलांस टीम को गुमशुदगी मोबाइल के मामले के निस्तारण के लिए आदेशित किया था। उन्होंने बताया कि सर्विलांस टीम के प्रभारी चंद्रहास मिश्र, उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह, कांस्टेबल रोहित कुमार, कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार तथा स्वाट टीम के प्रभारी निरीक्षक श्यामलाल यादव, कांस्टेबल बिरजू कुमार ने प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करते हुए सर्विलांस सेल की मदद से 42 अदद स्मार्टफोन बरामद किया।

# छह माह के लिए जिला बदर किया

**उतरौला।** कोतवाली उतरौला क्षेत्र के ग्राम जलापुरवा टेढ़वा तप्पा बांक निवासी इरफान पुत्र सलाउद्दीन को न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट बलरामपुर के आदेशानुसार छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। गांव में जिला बदर आदेश की मुनादी कराई गई। मुनादी में कहा गया कि अभियुक्त छह महीने तक जिले की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकता है। यदि ऐसा करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि अभियुक्त को पेशी पर उसे न्यायालय आने की अनुमति कोर्ट ने दी है, लेकिन इस दौरान अभियुक्त को थाने पर जानकारी देनी होगी। साथ ही जिलाबदर अभियुक्त के क्रियाकलापों पर पुलिस नजर बनाए रहेगी और न्यायालय को अवगत कराएगी।

# महिला संबंधी जांच महिला आरक्षी करें : आइजी

**संसू, बलरामपुर:** पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र डा. राकेश सिंह ने कोतवाली देहात के बहादुरपुर पुलिस चौकी व पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार का उद्घाटन किया। इसके बाद थानों पर आवंटित बीट, महिला हेल्प डेस्क व पुलिस कार्यालय में जन शिकायत एवं महिला संबंधी अपराधों का कार्य देख रही महिला आरक्षियों के साथ समीक्षा बैठक की ।

आइजी ने कहाकि महिला आरक्षी अपने बीट क्षेत्र में जाकर संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों, स्कूल के अध्यापकों व आंगनबाड़ी सेविकाओं से संपर्क स्थापित करें। सी-प्लान एप में महिलाओं के मोबाइल नंबर फीड कराकर, सम्मन तामीला में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। महिला आरक्षियों से संबंधित प्रभारी निरीक्षक के कार्य एवं जनता के साथ व्यवहार का फीडबैक भी लिया।



बहादुरपुर में नवनिर्मित पुलिस चौकी का फीता काटकर उद्घाटन करते आइजी डा. राकेश सिंह ( मध्य में ), एसपी हेमंत कुटियाल ( दाएं ) ● जागरण

एसपी कार्यालय पर आने वाली महिला संबंधी शिकायती पत्रों की जांच महिला आरक्षी से कराने का निर्देश दिया। सभागार में इंसास राइफल को बेहतर ढंग से खोलने एवं जोड़ने की कार्यवाही करने के लिए कोतवाली देहात की ज्योति मिश्रा एवं पल्लवी वाजपेयी को 500-500 रुपये पुरस्कार दिया। बीट क्षेत्र में सतर्कता एवं पहचान को परखने के लिए ललिया थाना की महिला आरक्षी बेबी यादव को एक हजार रुपये का पुरस्कार दिया। एसपी हेमंत कुटियाल मौजूद रहे।

# गुमशुदा 42 मोबाइल बरामद

बलरामपुर: सर्विलांस सेल व स्वाट टीम ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गायब हुए 42 स्मार्ट फोन खोज निकालने में सफलता हासिल की है। बरामद किए गए मोबाइल की कीमत करीब पांच लाख रुपये है। सोमवार को मोबाइल स्वामियों को बुलाकर मोबाइल सौंप दिया गया।

पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल ने बताया कि जिले भर में स्मार्ट फोन गायब होने की गुमशुदगी दर्ज हुई थी। सर्विलांस सेल व स्वाट टीम की मदद से मोबाइल ढूंढ लिए गए।

# सब मिलकर धरा को पहना रहे वृक्षाभूषण, ताकि दूर हो प्रदूषण

**जागरण टीम, बलरामपुर :** धरा को वृक्षाभूषण पहनाने के लिए हर कोई आतुर दिख रहा है। वन महोत्सव सप्ताह के तहत जिले में 30 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा करने को हर कोई लक्ष्य निर्धारित कर पौधारोपण में जुट गया है। सोमवार को जिले भर में सरकारी विभागों व निजी संस्थाओं के लोगों ने नीम, बरगद, पीपल, पाकड़ समेत विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया है।

वन महोत्सव सप्ताह के तहत बालापुर में सदर विधायक पल्टूराम ने पीपल का पौधा लगाया। तुलसीपुर सरस्वती शिशु मंदिर में महंत मिथिलेश नाथ योगी व विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने अशोक का पौधा लगाकर पौधारोपण की शुरुआत की। इसके बाद धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह व मीडिया प्रभारी डीपी सिंह ने पौधारोपण रोपण किया।

धीरू सिंह ने बताया कि जिले में एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल, प्रधानाध्यापक रविंद्र, अरुण कुमार गुप्त, अजय प्रताप सिंह, बनारसी लाल मोदनवाल, श्याम सुंदर मौजूद रहे।

वहीं, गैंसड़ी में श्मशान घाट, ब्लाक परिसर व कोतवाली में पौधारोपण किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजमणि शुक्ल, प्रिंस वर्मा, श्यामू चौधरी, नकुल मौर्य, अरविंद मौर्य, संजय चौधरी, कुशल विश्वकर्मा मौजूद रहे। प्रधान कमालुद्दीन खां ने प्राथमिक विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया।

महराजगंज तराई थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक पीएन तिवारी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में बीएसए डा. रामचंद्र के निर्देशन में कनिष्ठ लिपिक आशुतोष मिश्र ने पौधारोपण किया। पचपेड़वा के गुरचिहवा गांव में श्मशान घाट, स्कूल व खाली स्थानों पर पौधा रोपण किया। ग्राम प्रधान रमेश कुमार बिट्टू ने ग्रामीणों को पौधे वितरित किए।

रेहराबाजार के भरोसेगंज बीट में उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा व वन क्षेत्राधिकारी ने पौधे रोपित किए। रेंजर ने बताया कि वन क्षेत्र में तीन लाख 54 हजार 600 पौधे लगाने के साथ अन्य विभागों को दो लाख 50 हजार पौधे वितरित किए गए। कप्तान चौबे, आनंद, वन दरोगा सुभाष यादव, उमापाल सिंह, अवधेश, प्रभात, मिस्बाहुल मौजूद रहे।




उतरौला के भरोसेगंज में बरगद का पौधारोपित करते विधायक रामप्रताप वर्मा मध्य में, महराजगंज तराई थाना परिसर में पौधा लगाते प्रभारी निरीक्षक पीएन तिवारी दाएं ● जागरण



सदर ब्लाक के गोपालपुर गांव में पीपल का पौधारोपित करते सदर विधायक पल्टूराम ● जागरण




सरस्वती शिशु मंदिर में पौधारोपित करते देवीपाटन मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी साथ में विधायक कैलाशनाथ शुक्ल व भाजपा पदाधिकारी, बीएसए कार्यालय में पौधारोपित करते कर्मचारी ● जागरण

********





# एक और अपराधी जिला बदर

**उतरौला (बलरामपुर):** पुलिस ने एक और अपराधी को जिले की सीमा से बाहर भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि बांक भवानी चौकी क्षेत्र के टेढ़वा तण्याबांक जलापुरवा निवासी इरफान को एडीएम के आदेश के बाद छह महीने के लिए जिला बदर किया गया है। चौकी प्रभारी विपुल पांडेय ने गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को जिलाबदर करने की सूचना दी। जिलाबदर के दौरान अगर उसे दोबारा क्षेत्र में घूमते या निवास करते पाया गया तो गैंगस्टर एक्ट के तहत

# जलकुंभी में फंसी गाय को बाहर निकाला

महुआ बाजार। उतरौला कोतवाली के उपनिरीक्षक महेंद्र प्रसाद को ग्राम मोहनजोत वासियों से रविवार देर रात सूचना मिली कि केवटलीया के पास गहरे तालाब में जलकुंभियों के बीच एक गाय फंसी हुई है। जो ग्रामीणों के काफी प्रयास के बाद भी निकल नहीं पा रही है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक अपने हमराही आरक्षी परवीन कुमार एवं विष्णु प्रसाद के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।

# अपराध रोकने के साथ प्रस्तुत करें मित्र पुलिस का उदाहरण

देहात (बलरामपुर)। बहादुरापुर गांव में बनी चौकी पर तैनात पुलिस अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। इससे पूरे इलाके में अपराध रोकने में भी काफी मदद मिलेगी। चौकी पर तैनात पुलिस कर्मी अपने व्यवहार से मित्र पुलिस का उदाहरण जनसमुदाय के सामने प्रस्तुत करे। यह आह्वान पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोंडा डॉ. राकेश सिंह ने किया। वह सोमवार को देहात कोतवाली के बहादुरापुर गांव में नवनिर्मित पुलिस चौकी के लोकार्पण कार्यक्रम में हिस्सेदारी कर रहे थे। इस दौरान एसपी हेमंत कुटियाल व एएसपी अरविंद मिश्र ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

एसपी ने कहा कि पुलिस चौकी पर तैSSनात

## आईजी ने नवनिर्मित पुलिस चौकी का किया लोकार्पण



बलरामपुर में फीता काटकर बहादुरापुर पुलिस चौकी का उद्घाटन करते आईजी डा. राकेश सिंह व अन्य।(संवाद)

# सराहनीय कार्य पर तीन महिला पुलिस कर्मी सम्मानित

बलरामपुर। उत्कृष्ट कार्य पर जिले के तीन महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया है। सभी कोतवाली व थानों के बीट पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों, स्कूलों के शिक्षकों व आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं से नियमित संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे कानून व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे।

पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल गोंडा डॉ. राकेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। पुलिस महानिरीक्षक ने कोतवाली व थानों पर आवंटित बीट, महिला हेल्प डेस्क, जन शिकायत व महिला संबंधी अपराध का कार्य देखने वाले आरक्षियों के साथ समीक्षा की। सभी के कार्यों, दायित्व व नियुक्ति स्थलों के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिया कि अपने-अपने बीट में लोगों से संपर्क बनाकर कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखें। सी प्लाट एप्लीकेशन को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।

## बीट पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में संपर्क बनाए रखने का निर्देश

## पुलिस महानिरीक्षक ने एसपी कार्यालय में की कानून व्यवस्था की समीक्षा

ग्रामीण महिलाओं के मोबाइल नंबर को सी प्लान एप में फीड कराएं। सम्मन/वारंट तामीला में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराएं।

महिला आरक्षियों से संबंधित प्रभारी निरीक्षक प्रेक्षकों के कार्य व पब्लिक के साथ उनके व्यवहार के संबंध में फीडबैक लिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्राप्त होने वाली महिला संबंधी शिकायतों की जांच महिला आरक्षियों से कराने के निर्देश दिए गए। महिला आरक्षियों से उनके थाने व पारिवारिक समस्याओं के संबंध में बातचीत की गई। फिजिकल फिटनेस पर विशेष ध्यान देने और योग आदि को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के निर्देश दिए गए। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-07-2021

## महिला रिक्रूट को लगवाई गई वैक्सीन

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन में प्रशिक्षणरत महिला रिक्रूट सिपाहियों को कोविड-19 से बचाव को वैक्सीन की प्रथम डोज लगवाई गई। चिकित्सकों ने वैक्सीनेशन के बाद भी सभी रिक्रूट सिपाहियों को सलाह दी कि मास्क व सेनेटाइजर का अवश्य इस्तेमाल करती रहे। सोशल डिस्टेंस बनाकर कार्य किए जाने की सलाह दी।

## चाकू सहित एक बदमाश गिरफ्तार

**बहराइच।** नगर कोतवाल मधुप नाथ मिश्रा ने बताया कि दरोगा कमल शंकर चतुर्वेदी, सिपाही बजरंगी राय, कुलदीप दुबे ने गश्त के दौरान सोमवार को एक संदिग्ध को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से एक चाकू बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान देहात कोतवाली के शेख दहीर के मजरे पुरबियनपुरवा निवासी राजित राम के रूप में हुई।

# बकाया धन के तगादे पर जान से मारने की धमकी

बहराइच | संवाददाता

एक कृषि बीज कारोबारी का दूसरे कारोबारी पर धन बकाया था। बकाए धन को दिया गया बैंक चेक बाउंस हो गया। पीड़ित जब फिर तगादे को गया, तो उसे पीटने को दौड़ा लिया गया। मामला कोतवाली में आने पर दोनों पक्षों को चौकी पर बुलाया गया। वहां बकायादार ने धन देने की हामी भरी, पर धन दिया नहीं।

मोतीपुर निवासी पीड़ित कौशल किशोर पांडेय पुत्र रामनिवास जो की कृषि संबंधित कार्य करते हैं। उन्होंने बताया की देहात कोतवाली के सबलापुर स्थित एक कारोबारी से उनका व्यापार चल रहा था। उनके ओर से दिए गए भुगतान के एवज में चेक बाउंस होने पर पार्टी से नकद भुगतान कि जब डिमांड की गई। तो जान से हमला कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की। कोतवाल ने टिकोरा मोड़ चौकी प्रभारी को जांच के निर्देश दिए।

वहां दोनों पक्षों को बुलाकर दोनों की बात सुनी गई। बकाएदार को धन अदा करने को कहा। उस समय बकायादार ने धन दिए जाने की हामी भरी। चौकी से जाने के बाद धन देने से इनकार कर दिया।

# साइबर सेल ने रकम वापस कराई

**बहराइच।** साइबर ठगों की शिकार एक महिला की कुछ रकम साइबर क्राइम सेल ने वापस कराई है। दरगाह थाने के बख्शीपुरा निवासिनी नीलम पटेल के बैंक खाते से साइबर ठगों ने 83,659 रुपये गायब कर दिए। पीड़िता ने इसकी तहरीर एसपी को दी। उन्होंने प्रकरण साइबर सेल को सौंपा। जांच में पता चला कि साइबर ठगों की ओर से हड़पे गए धन में से कुछ धन रेजर पे के वालेट में जमा किया गया है। साइबर सेल ने रेजर पे के अफसरों से पत्राचार कर 28,989 रुपये पीड़िता नीलम पटेल के खाते में वापस कराए गए।

# महिला सिपाही ने मास्क बांटे

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह की गठित पीआरओ सेल में तैनात महिला सिपाही पूजा ने सोमवार को फरियाद करने आए बिना मास्क लगाए लोगों को मास्क वितरित किए। लोगों को साबुन से हाथ धोने, सेनेटाइजर लगाने, सोशल डिस्टेंस बनाकर रहने का आवाहन किया।

# प्रतिबन्धित पशु के वध का आरोपी गिरफ्तार

**नवाबगंज | संवाददाता**

प्रतिबंधित प्रजाति के मवेशियों के वध मामले में फरार चल रहे एक और आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। इस मामले में चार आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है।

नवाबगंज थाने के गोबिंदापुर पंडित के मजरा बक्सी गांव में विगत 24 जून को प्रतिबंधित प्रजाति के मवेशियों के अवशेष मिलने के बाद पुलिस ने इस पूर्व में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर गोवध निवारण अधिनियम के तहत जेल भेजा गया था। एसएचओ प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गोवध के आरोपित धर्मनगर के मजरे छेदागांव महजिदिया निवासी सुल्ली, जो भागने की फिराक बाबागंज मल्हीपुर मार्ग पर खड़ा था।

उसे दरोगा अयोध्या प्रसाद रविंद्र चंद्रा की टीम ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से प्रतिबंधित पशु का वध में इस्तेमाल होने वाला बोगदा हथियार बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# पौधारोपण कर उनके संरक्षण का दिलाया गया संकल्प

## बलहा विधायक ने सरयूघाट पर रोपा पौधा, कहा–जीवन के लिए लाभदायक हैं पेड़ों से मिलने वाली जड़ी–बूटियां

**जागरण टीम, बहराइच :** सोमवार को पौधारोपण अभियान चलाया गया। बलहा विधायक ने सरयूघाट पर पौधारोपण किया। उन्होंने ग्रामीणों को पेड़ों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पेड़ों की जड़ी-बूटियां जीवन के लिए लाभदायक हैं।

**मिहींपुरवा :** बलहा विधायक सरोज सोनकर ने सरयू घाट पर पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। बीडीओ रंजनलाल गुप्त ने कहा कि सरयू घाट पर स्मृति उपवन का निर्माण होगा। पीएम आवास योजना के 15 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र बांटा गया। भाजपा नेता दीपक सत्या, प्रतिनिधि आलोक जिंदल, अर्जुन कुमार रहे।

**महसी:** भौंरी में भाजपा मंडल अध्यक्ष जैतापुर सर्वजीत सिंह ने पौधारोपण किया। डीपी अवस्थी, जानकी प्रसाद, बलराम सिंह, राजू सिंह, सोनू पाठक, रामसूरत वर्मा, राजन गुप्त, हरिराम रहे। **कैसरगंज :** सीएचसी में आशा कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया। अधीक्षक डा. एनके सिंह मौजूद रहे। **नानपारा:** पुरैना भवानीबक्श में विधायक सरोज सोनकर व आलोक जिंदल ने पौधारोपण किया। बीडीओ रंजन लाल गुप्त, विकास, राजेंद्र कुशवाहा, राम अधार, दीपक सत्या रहे। **गजाधरपुर:** स्वामी विवेकानंद समाज कल्याण युवा विचार मंच ने काल्हापारा में पौधारोपण किया। सुधीर गौतम, डा. माधवराम चौधरी, शिवनाथ शिखर, बृजेश यादव, राम केवल, राजू निषाद रहे। सरायकाजी के प्रधान रफीक अंसारी ने रैली निकाल कर पौधारोपण कर जागरूक किया। **फखरपुर:** चौधरी सियाराम इंटर कॉलेज परिसर में प्रधानाचार्य ब्रजेंद्र कुमार शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने पौधारोपण किया। श्यामजी त्रिपाठी, सुभाष दीक्षित, महेश त्रिपाठी, देवेश पाठक, अशीष मिश्र रहे। **रिसिया मोड़:** रामगांव थाना परिसर में थाना प्रभारी अभय सिंह ने पौधे लगाए। **नवाबगंज:** थाना परिसर में एसओ प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने पौधे लगाए।



कैसरगंज सीएचसी में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेती आशा कार्यकर्ता ● जागरण



नवाबगंज थाना प्रांगण में पौधारोपण करने जाते पुलिसकर्मी ● जागरण



फखरपुर के धारुया में पौधा लगाते युवा विचार मंच के सदस्य



मिहींपुरवा के सरयू घाट पर पौधारोपण करती विधायक सरोज सोनकर व भाजपा नेता दीपक सत्या ● जागरण



रामगांव थाना परिसर में पौधारोपण करते प्रभारी अभय सिंह ● जागरण



महसी के भौंरी में पौधारोपण करते भाजपा मंडल अध्यक्ष सर्वजीत सिंह गुड्डू (दाएं) व अन्य ● जागरण

# दूसरे दिन भी उत्साह के साथ हुआ पौधरोपण

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** जिले में सोमवार को भी पौधरोपण अभियान चला। जिला मुख्यालय से लेकर सुदूर क्षेत्र में अधिकारियों के साथ, शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों व भाजपा नेताओं ने पौधरोपण किया। सभी ने पौधे लगाते हुए अधिक मात्रा में पौधरोपण की बात कही। साथ ही इससे होने वाले फायदे के बारे में बताया। जिले को पर्यावरण व ऑक्सीजन दिलाने के लिए भरपूर मात्रा में पौधरोपण किया जा रहा है। रविवार को 49 लाख पौध का रोपण हुआ। सोमवार को भी अभियान चलता रहा।

प्रकृति परिवार ग्लोबल ग्रीन ग्रुप की टीम ने पुलिस टीम के साथ पानी टंकी, चौक व रायपुर राजा पुलिस चौकी परिसर में पौधरोपण किया। प्रबंधक निदेशक अर्चित मिश्रा ने बताया कि चौकी प्रभारी वीरपाल सिंह, वन दरोगा अमित वर्मा, अभय प्रताप सिंह, शैलेश कुमार, मनोज कुमार व आलोक पांडेय ने 120 से अधिक पौधे रोपित किए। रिसिया विकास खंड के जूनियर विद्यालय गैंडासिंहपुरवा में पौधरोपण हुआ। प्रधानाचार्य सतेंद्र पाठक व सहायक अध्यापिका रुचि शर्मा ने पौधे लगाए। मिहींपुरवा विकास खंड अंतर्गत उर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भाजपा नेता डॉ. आनंद गोंड ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पौधरोपण किया। इस दौरान प्रभारी डॉ. हीरालाल, मंडल अध्यक्ष बलराम मौर्य, मिथिलेश, शैलेंद्र व जिला उपाध्यक्ष दीपक सत्या मौजूद रहे। जिला उद्यान सलाहकार आरके वर्मा की अगुवाई में रिसिया के स्वर्ण जयंती पार्क बभनी में



बहराइच में पौधरोपण करते उद्यान सलाहकार। - संवाद

## अधिकारियों, शिक्षकों व चिकित्सकों के साथ भाजपा नेताओं ने भी लगाए पौधे

विभिन्न प्रजाति के दो हजार पौध रोपित किए गए जिसमें विभाग के अमरेंद्र वर्मा, सुरेश कुमार व बाबूलाल ने सहयोग किया। वन महोत्सव सप्ताह के तहत मिहींपुरवा के सरयू घाट तट पर पौधरोपण हुआ। बलहा विधायक सरोज सोनकर व बीडीओ बलहा रंजनलाल गुप्ता ने पौधरोपण किया। लोगों से खाली पड़े स्थान पर पौधरोपण करने की बात कही। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल, बीडीओ राजेंद्र कुशवाहा, अर्जुन कुमार व दीपक सत्या समेत अन्य मौजूद रहे।

# SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-07-2021

# बाल अपराध पर लगाएं कड़ा अंकुश:एएसपी

## मासिक बैठक

**श्रावस्ती | संवाददाता**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में सोमवार को विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एएसपी ने बाल अपराध और देह व्यापार पर कड़ा अंकुश लगाने का निर्देश दिया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे ने कहा कि बाल श्रम, बाल विवाह आदि एक गंभीर समस्या है। पुलिस इस पर कड़ी नजर रखे और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि सभी थाना क्षेत्रों में बाल अपराध जैसे मामले को बाल कल्याण पुलिस की ओर से गंभीरता से ली जाय। बाल अपराध, देह व्यापार को रोकने के ठोस कदम उठाये जायं और बाल अपचारी की सुरक्षा तथा संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाय।

वहीं चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष राजेश मिश्रा की ओर से किशोर न्याय अधिनियम 2015, बाल श्रम को रोकने व पोक्सो एक्ट के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। बाल अपराध पर नियंत्रण लगाने को सार्थक कदम उठाने की जरूरत है। एएचटीयू प्रभारी केके यादव, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक विनीता चतुर्वेदी, वन स्टॉप प्रभारी निरीक्षक शीला यादव, बाल संरक्षण इकाई के सभी पदाधिकारी व सभी थानों में नियुक्त बाल कल्याण अधिकारियों के साथ ही सामाजिक संस्थाओं के लोग मौजूद रहे।

# 67 पर हुई कोविड नियम उल्लंघन की कार्रवाई

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोविड नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत दैनिक भ्रमण व गश्त के दौरान बिना मास्क के मिलने वाले लोगों से जुर्माना वसूल किया जाता है। साथ ही चौक चौराहों पर चेकिंग कर लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के साथ ही अन्य नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी जा रही है। रविवार को 67 लोगों को कोविड नियम का उल्लंघन करते पाया गया।

# जुआ खेलते छह लोग रंगे हाथ पकड़े गये

श्रावस्ती | संवाददाता

ताश के पत्तों से हार जीत की बाजी लगातार जुआ खेलते छह लोगों को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ लिया। मौके से करीब 14 हजार रुपये भी पुलिस ने बरामद किए। सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एसपी अरविन्द कुमार मौर्य की ओर से जुआ खेलने व सट्टा लगाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश सभी थानाध्यक्षों को दिए गए हैं। इसके तहत सोमवार को कोतवाल भिनगा बृजेश द्विवेदी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर निकले थे। इस दौरान पुलिस ने छह लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथों धर लिया। साथ ही पुलिस ने मौके से ताश के 52 अदद पत्ते, माल फड़ के 1700 व जामा तलाशी के 12 हजार 30 रुपये समेत कुल 13 हजार 730 रुपये जब्त कर लिए।

आरोपियों की पहचान जावेद खां पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी टंडवा, एहसानुलहक पुत्र ऐनुलहक निवासी दर्जी मोहल्ला कस्बा भिनगा, मोहम्मद जावेद पुत्र महमूद निवासी बेगमपुरा सोहरवा थाना रामगांव बहराइच, छोट्टन पुत्र नूर मोहम्मद निवासी कानूनगोपुरा भिनगा, हिदायतुल्ला पुत्र सफातुल्ला निवासी मोहल्ला टण्डवा नगर कस्बा भिनगा व रंजीत कुमार सोनी पुत्र महंत जी निवासी मोहल्ला टण्डवा रजा नगर कस्बा भिनगा के रूप में हुई। आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बाल श्रम पर विराम लगाएं अधिकारी : एएसपी



एसपी कार्यालय सभागार भिनगा में आयोजित विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक में मौजूद एएसपी बीसी दूबे ( बाएं ) ● जागरण

**संसू, श्रावस्ती :** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में सोमवार को विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे ने की। इस दौरान बाल श्रम रोकने व पाक्सो एक्ट के संबंध में चर्चा की गई।

चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने किशोर न्याय अधिनियम, बाल श्रम को रोकने व पास्को एक्ट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। एएसपी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बाल श्रम, बाल विवाह, बाल अपराध व देहव्यापार रोकने के बारे में जानकारी दी। बाल अपचारी की देखरेख व सुरक्षा संरक्षा के संबंध में भी बताया। एएचटीयू प्रभारी केके यादव, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक विनीता चतुर्वेदी, वन स्टॉप प्रभारी निरीक्षक शीला यादव मौजूद रहे।

# दो दवा दुकानें सील, लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति

**बिना लाइसेंस के चल रही दवा दुकानों पर छापामारी, एसडीएम व तहसीलदार ने औषधि निरीक्षक के साथ की जांच**

**संसू, सिरसिया (श्रावस्ती) :** जिले में अवैध रूप से चल रही दवा दुकानों पर प्रशासन की नजर टेढ़ी हो गई है। सोमवार को भिनगा एसडीएम के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक के साथ टीम ने सिरसिया क्षेत्र में दुकानों पर ताबड़तोड़ छापामारी की। इस दौरान बिना लाइसेंस चल रहीं दो दवा दुकानों को सील कर दिया गया। दो मेडिकल स्टोरों का लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की गई है।

नेपाल सीमा से सटे जिले में दवाओं का अवैध कारोबार धड़ल्ले से होता है। कदम-कदम पर बिना लाइसेंस की दवा दुकानें चल रही हैं। इन दुकानों पर प्रतिबंधित नशीली दवाएं व इंजेक्शन भी खुलेआम बेचे जाते हैं। शिकायत मिलने पर फौरी कार्रवाई कर जिम्मेदार कर्तव्यों से इतिश्री कर लेते हैं। भिनगा एसडीएम राजेश कुमार मिश्र ने औषधि निरीक्षक प्रीति सिंह के साथ सिरसिया के गुलरा चौराहा व बस्तनवा में छापामारी की। इस दौरान दोनों जगहों पर एक-एक मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के चलते पाए गए।

इस पर इन दोनों दुकानों को सील कर दिया गया। इसके बाद संयुक्त टीम ने भिनगा के नई बाजार स्थित बबलू मेडिकल स्टोर व सिनेमा हाल के पास स्थित दिलीप मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। दोनों मेडिकल स्टोरों पर फार्मासिस्ट नहीं मिले। अप्रशिक्षित लोग दवा बेचते पाए गए। दोनों मेडिकल स्टोरों का लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की गई है। एसडीएम ने बताया कि अवैध रूप से चल रही दुकानों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। भिनगा तहसीलदार राजकुमार पांडेय भी मौजूद रहे।



सिरसिया क्षेत्र में छापामारी के दौरान सील की गई दवा दुकान ● जागरण

# जंगल में जुआ खेलते दबोचे गए छह जुआरी

**संसू, श्रावस्ती:** अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में भिनगा कोतवाली पुलिस टीम ने ककरदरी जंगल में जुआ खेलते छह लोगों को दबोच लिया। फड़ से ताश के पत्ते व 13 हजार 730 रुपये बरामद हुए। आरोपितों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

एएसपी बीसी दूबे ने बताया कि भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश द्विवेदी ने पुलिस टीम के साथ ककरदरी जंगल में छापेमारी की। इस दौरान जुआ खेल रहे भिनगा नगर के टंडवा मुहल्ला निवासी जावेद खां, दर्जी मुहल्ला निवासी अहसानुलहक, कानूनगोपुरा निवासी छोट्टन, टडवा रजानगर मुहल्ला निवासी हिदायतुल्ला, रंजीत कुमार सोनी व बहराइच जिले के बेगमपुरा सोहरवा निवासी मुहम्मद जावेद को दबोच लिया। फड़ से ताश के पत्ते व 1700 रुपये बरामद हुआ। जामा तलाशी में 12 हजार 30 रुपये और बरामद किए गए। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा वरिष्ठ उपनिरीक्षक पंकज कुमार, आरक्षी रिषभ गौड़ व रजनीश यादव शामिल रहे।

# बाल अपराध को रोकने के लिए जन सहयोग जरूरी

## विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक बैठक संपन्न

**श्रावस्ती।** बाल अपराध व बाल श्रम सामाजिक बुराई है। जिसे जन सहयोग के बिना रोक पाना असंभव है। इसलिए आप सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि आमजन से सामंजस्य बनाकर इसे रोकने के लिए उनका सहयोग प्राप्त करें। जिससे इस सामाजिक बुराई को जिले से समाप्त किया जा सके।

यह बातें पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे ने विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की मासिक बैठक के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि बाल श्रम, बाल विवाह, बालाचार, बाल अपराध सामाजिक बुराई है। जिसे रोकने के लिए विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) का गठन किया गया है। इसमें शामिल लोग इस बुराई को खत्म करने के लिए अपने-अपने स्तर से पूरा प्रयास करें।



एसपी कार्यालय में सोमवार को विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक करते एएसपी। -संवाद

राजेश मिश्रा चाइल्ड वेलफेयर कमेटी अध्यक्ष ने मौजूद सदस्यों को किशोर न्याय अधिनियम 2015, बाल श्रम को रोकने व पॉस्को एक्ट के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी अधिकारी व कर्मचारी को बाल श्रम, बालविवाह, बाल अपराध व देह व्यापार आदि को रोकने, बाल अपचारी की देखरेख व सुरक्षा तथा संरक्षा आदि के संबंध में भी जानकारी दी।

इस दौरान प्रभारी एएचटीयू केके यादव, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना विनीता चतुर्वेदी, वन स्टॉप प्रभारी निरीक्षक शीला यादव, बाल संरक्षण इकाई के सभी पदाधिकारी, सभी थानों में नियुक्त बाल कल्याण अधिकारी सहित सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे। -संवाद

# चार वाहन सीज, 39 का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने सोमवार को विभिन्न चेकपोस्ट व बैरियर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 1115 वाहनों की जांच कर चार वाहन सीज किए और 39 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 41,500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। वहीं पुलिस ने रविवार शाम बिना मास्क के टहल रहे 67 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 8400 रुपये जुर्माना वसूल किया। -संवाद

# प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ दो धरे

**श्रावस्ती।** इकौना पुलिस ने शनिवार शाम गश्त के दौरान दो युवकों को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से पुलिस ने 90 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद कीं। जिनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। प्रभारी निरीक्षक इकौना कमलाकांत त्रिपाठी ने शनिवार शाम क्षेत्र में भ्रमण के दौरान महादा चौराहा से 500 मीटर तहसील इकौना बाईपास रोड के पास  से दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान पिंटू व राज निवासी मोहल्ला मुबारक नगर कस्बा इकौना के रूप में हुई। जिनके कब्जे से पुलिस ने 90 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद कीं। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध इकौना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला पंजीकृत किया है। एएसपी बीसी दुबे ने बताया कि आरोपी पिंटू के विरुद्ध इकौना थाने में कई मामले पहले से ही दर्ज हैं। जिसकी पुलिस को तलाश थी। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। -संवाद

# शांति भंग में सात गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने रविवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने सात लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। -संवाद

# जुआ खेलते छह दबोचे

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने जुआ खेलते छह लोगों को गिरफ्तार किया और मौके से ताश के पत्ते व 13,730 रुपये बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक भिनगा ब्रजेश द्विवेदी ने मुखबिर की सूचना पर ककरदरी जंगल में छापा मारा। जहां से पुलिस ने जावेद खां निवासी मोहल्ल टंडवा भिनगा, अहसानुलहक निवासी दर्जी मोहल्ला कस्बा भिनगा, मोहम्मद जावेद निवासी बेगमपुरा सोहरवा थाना रामगांव जिला बहराइच, छोट्टन कानूनगोपुरा भिनगा, हिदायतुल्ला व रंजीत कुमार सोनी निवासी टड़वा राजा नगर भिनगा को जुआ खेलते गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने फड़ से ताश के पत्ते, माल फड़ के 1700 रुपये व जामा तलाशी 12,030 रुपये बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध भिनगा कोतवाली में जुआ अधिनियम में मामला दर्ज कर सभी को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। -संवाद

# पुलिस ने जांची बैंकों की सुरक्षा

**श्रावस्ती।** बैंकों की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस ने सोमवार को विशेष अभियान चलाया। एएसपी बीसी दुबे के नेतृत्व में इकौना पुलिस ने इकौना नगर सहित कोतवाली क्षेत्र के बैंकों की सुरक्षा जांची। वहीं सीओ नगर हौसला प्रसाद के नेतृत्व में सिरसिया पुलिस ने बैंक सुरक्षा की जांच की। साथ ही वहां लगे सीसीटीवी, सायरन सहित वाहनों की जांच की। इस दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा बैंक में मौजूद लोगों को लेनदेने के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के प्रति जागरूक किया। साथ ही बैंकों में मौजूद लोगों को अनिवार्य रूप से मास्क लगाने, सामाजिक दूरी का पालन करने व बिना जरूरत घर से बाहर न निकलने की सलाह भी दी। वहीं नियमों की अवहेलना करने पर कार्रवाई करने व उनसे जुर्माना वसूल करने की सख्त चेतावनी भी दी। इस दौरान गिलौला, मल्हीपुर, सोनवा व भिनगा कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र के बैंकों में जाकर लोगों को जागरूक किया। -संवाद

